# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 227 । भोपाल, गुरुवार 17 अगस्त 2023 । पृष्ठ–8+4 । मूल्य – 3.00 रुपए

बॉब के एटीएम का क्लोन बनाकर रुपए निकालने वाला रोमानियन नागरिक गिरफ्तार — पृष्ठ 3
▪ अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री ▪ मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी — पृष्ठ 4
▪ कलेक्टर एसपी सहित सभी अधिकारियों ने किया दौरा — पृष्ठ 6
स्वतंत्रता के पर्व पर शहीदों को नमन, विकसित सुदृढ़ राष्ट का संकल्प — पृष्ठ 7

3 महिला जजों ने बनाई शब्दावली, हैंडबुक लांच

# सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए शब्दावली जारी की



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में अब जेंडर स्टीरियोटाइप शब्दों का इस्तेमाल नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं के लिए इस्तेमाल होने वाले आपत्तिजनक शब्दों पर रोक लगाने के लिए जेंडर स्टीरियोटाइप कॉम्बैट हैंडबुक लॉन्च की है। 8 मार्च को महिला दिवस पर सुप्रीम कोर्ट में हुए इवेंट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि कानूनी मामलों में महिलाओं के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल रुकेगा, जल्द डिक्शनरी भी आएगी। बुधवार 16 अगस्त को हैंडबुक जारी करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इससे जजों और वकीलों को ये समझने में आसानी होगी कि कौन से शब्द रूढ़िवादी हैं और उनसे कैसे बचा जा सकता है। अब अदालतों में अफेयर , हाउसवाइफ, प्रॉस्टिट्यूट, ईव टीजिंग जैसे शब्दों को इस्तेमाल नहीं होगा।

### वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी हैंडबुक

सीजेआई चंद्रचूड़ ने बताया कि इस हैंडबुक में आपत्तिजनक शब्दों की लिस्ट है और उसकी जगह इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द और वाक्य बताए गए हैं। इन्हें कोर्ट में दलीलें देने, आदेश देने और उसकी कॉपी तैयार करने में प्रयोग किया जा सकता है। यह हैंडबुक वकीलों के साथ-साथ जजों के लिए भी है। इस हैंडबुक में वे शब्द हैं, जिन्हें पहले की अदालतों ने प्रयोग किया है। शब्द गलत क्यों हैं और वे कानून को और कैसे बिगाड़ सकते हैं, इसके बारे में भी बताया गया है।

### इन शब्दों को बदला गया

इस हैंडबुक में अफेयर की जगह पर शादी के इतर रिश्ता, प्रॉस्टिट्यूट/हुकर की जगह सेक्स वर्कर, अनवेड मदर (बिनब्याही मां) की जगह केवल मां, चाइल्ड प्रॉस्टिट्यूड की जगह पर तस्करी करके लाया बच्चा, बास्टर्ड की जगह ऐसा बच्चा जिसके माता-पिता ने शादी न की हो, ईव टीजिंग की जगह स्ट्रीट सेक्शुअल हैरेसमेंट, हाउसवाइफ की जगह होममेकर, मिस्ट्रेस की जगह वह महिला जिसके साथ किसी पुरुष ने विवाहेतर रोमांटिक या यौन संबंध बनाए हों, का इस्तेमाल करने को कहा गया। इसके अलावा प्रोवोकेटिव क्लोदिंग/ड्रेस (भड़काऊ कपड़े) की जगह क्लोदिंग/ड्रेस, एफेमिनेट (जनाना) की जगह जेंडर न्यूट्रल शब्दों का प्रयोग, वफादार पत्नी/अच्छी पत्नी/आज्ञाकारी पत्नी की जगह वाइफ (पत्नी), भारतीय महिला/पश्चिमी महिला की जगह महिला, कॉन्क्युबाइन/कीप की जगह ऐसी महिला जिसका शादी के इतर किसी पुरुष से शारीरिक संबंध हो, जैसे वाक्य या शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा

चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक को तैयार करने का मकसद किसी फैसले की आलोचना करना या संदेह ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

चंद्रयान-3 से आज अलग होगा लैंडर

# चांद के और करीब पहुंचा चंद्रयान-3

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को भारत के चंद्रयान-3 को चंद्रमा के और करीब ले जाते हुए कहा कि लैंडर मॉड्यूल को गुरुवार को प्रोपल्शन मॉड्यूल से अलग किया जाएगा।

अंतरिक्ष एजेंसी ने एक ट्वीट में कहा, आज की सफल फायरिंग, जो थोड़े समय के लिए आवश्यक थी, ने चंद्रयान-3 को अपनी मंशा के अनुरूप 153 किमी गुना 163 किमी की कक्षा में स्थापित कर दिया है। इसके साथ ही चंद्रयान की कक्षा बदलने का काम पूरा हो गया है। अब तैयारियों का समय आ गया है क्योंकि प्रोपल्शन मॉड्यूल और लैंडर मॉड्यूल अपनी अलग-अलग यात्राओं के लिए तैयार हो रहे हैं। प्रोपल्शन मॉड्यूल से लैंडर मॉड्यूल को 17 अगस्त 2023 को अलग करने की योजना बनाई गई है। चंद्रयान-3 में एक प्रणोदक मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल हैं। भारत के तीसरे चंद्र मिशन का मुख्य उद्देश्य लैंडर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतारना है। चंद्रयान-2 मिशन में लैंडर पर नियंत्रण खो देने की वजह से उसकी सॉफ्ट लैंडिंग की जगह क्रैश लैंडिंग हो गई थी और लैंडर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसरो के मुताबिक, लैंडर के 23 अगस्त को शाम 5.47 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने की उम्मीद है। लैंडर चंद्रमा की सतह से लगभग 100 किमी की ऊंचाई से चंद्रमा पर उतरेगा। सॉफ्ट लैंडिंग एक पेचीदा मुद्दा है। सुरक्षित और जोखिम-रहति क्षेत्र खोजने के लिए लैंडिंग से पहले साइट की इमेजिंग की जाएगी।

हिमाचल में तीसरे दिन भी बचाव अभियान जारी

# शिव मंदिर हादसे में अब तक 13 शव बरामद

**शिमला, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश में बारिश ने हाहाकार मचा दी है। प्रदेश भर में लैंडस्लाइड से भारी नुकसान हुआ है। बीते दिनों हुई मूसलाधार बारिश के चलते प्रदेश में बड़ी संख्या में लैंडस्लाइड के मामले सामने आए हैं।

खास कर राजधानी में लैंडस्लाइड ने भारी तबाही मचाई. शिमला में शिव मंदिर पर लैंडस्लाइड होने से कई लोग मलबे के नीचे दब गए। लाल कोठी और कृष्णा नगर में लैंडस्लाइड ने तबाही मचाई। राजधानी शिमला में समरहिल के शिव मंदिर में तीसरे दिन भी लापता लोगों को तलाशने के लिए सर्च ऑपरेशन बुधवार सुबह से ही शुरू कर दिया गया था। बचाव अभियान में सेना की छोटी मशीन की भी मदद ली जा रही है। सर्च ऑपरेशन सुबह 7:30 बजे से जारी है। इस दर्दनाक घटना में अब तक 13 लोगों के शव निकाले गए हैं। अभी भी मलबे में लोगों के दबे होने की आशंका है। जानकारी के अनुसार मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे जवानों ने अब शिव मंदिर से लेकर नीचे एक किलोमीटर तक नाले में शवों की तलाश शुरू कर दी है। इसमें कई और शव मिलने की आशंका है। अभी बारिश का दौर थोड़ा थमा हुआ है, जिसके कारण रेस्क्यू के जल्द पूरा होने की संभावना है। लापता लोगों के परिजन लगातार इनके मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन मंदिर के आसपास मलबा ज्यादा होने के कारण इन्हें तलाशना काफी मुश्किल हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण कर ली परेड की सलामी, कहा-

# 10 महत्वपूर्ण सामाजिक क्रांतियों से देश में विकास का मध्यप्रदेश मॉडल बना उदाहरण

- जन आवास योजना से मिलेगा सभी को आवास, कोई नागरिक बिना छत नहीं रहेगा
- जो परिवार आयकर दाता नहीं, अन्य स्वास्थ्य सुविधा नहीं लेते, वे सभी आयुष्मान योजना के पात्र होंगे
- प्रदेश में प्रत्येक 50 परिवार पर होगा एक जन सेवा मित्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में सभी नागरिकों को पक्का मकान मिलेगा। कोई परिवार बिना छत के नहीं रहेगा। आवास प्लस में जो लोग शामिल नहीं हैं उन हितग्राहियों को भी योजना में शामिल किया जाएगा, मुख्यमंत्री जन आवास योजना बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मध्य प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना में बचे हुए परिवारों को भी जोड़ा जाएगा ताकि उन्हें उपचार की सुविधा मिल सके। जो परिवार इनकम टैक्स नहीं देते या अन्य किसी माध्यम से स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं लेते उन सभी परिवारों को आयुष्मान योजना सम्मिलित किया जाएगा। मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना में 3 करोड़ 50 लाख से अधिक नाम जोड़े गए हैं। मध्यप्रदेश में लोकतंत्र की परिभाषा जनता का जनता के लिए और जनता द्वारा शासन को सही अर्थों में जीवंत किया गया है। मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र, जनता और सरकार के बीच का काम करते हैं। इन्हें प्रत्येक 50 परिवारों पर दायित्व दिया जाएगा। प्रदेश में करीब 3 लाख युवाओं को इस दायित्व से जोड़ेंगे। प्रदेश का कोई भी कोना या कोई भी दिशा विकास से वंचित न रहे, इसके लिए केन्द्र के साथ राज्य की डबल इंजन सरकार सच्चे अर्थों में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने नागरिकों को 77 वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज का दिन भारत को एक सूत्र में जोड़ने का दिन है। यह शहीदों के बलिदान के यशगान का ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेसजनों ने तिरंगे को दी सलामी

## महापुरूषों का सपना था, आमजन खुशहाल रहे : कमलनाथ



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि देश के महापुरूषों का सपना था कि भारत का आमजन खुशहाल रहे। देश में हर समाज, जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा और संस्कृति को मानने वाले लोग आपस में भाईचारे से रहें। भारत तरक्की की सीढ़ियां चढ़े और दुनिया में सबसे ऊंचा मुकाम हासिल करे। यह विचार उन्होंने स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में व्यक्त किए। इसके पहले कमलनाथ ने यहां ध्वजारोहण किया और ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश कार्यालय में भाजपा नेताओं ने फहराया ध्वज

## भारत ने दुनिया में विकास की नई ऊचाइयों को छुआ : शर्मा



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की आजादी के 77 वर्षों और इस अमृतकाल के दौरान भारत ने दुनिया में विकास की नई ऊचाइयों को छुआ है और भारत पर दुनिया का विश्वास बढ़ा है। देश ने हर गरीब के जीवन को बदलने में नए आयाम छुए हैं। उन्होंने कहा कि आज इस पावन पर्व पर देश की आजादी को अक्षुण बनाए रखने का पार्टी के कार्यकर्ताओं से लेकर सभी प्रदेशवासियों ने संकल्प लिया है। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

## आइसोवा ने आसरा वृद्धाश्रम में मनाया स्वतंत्रता दिवस



**भोपाल, देशबन्धु।** आई.ए.एस. ऑफिसर्स वाइफ एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आसरा वृद्धाश्रम में बुजर्गों को भोजन व फल का वितरण किया गया। एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी पिपलानी अनाथ आश्रम गृह में स्वतंत्रता दिवस मनाया। वहाँ के बच्चों ने इस अवसर पर सुन्दर प्रस्तुतियाँ दी। एसोसिएशन द्वारा यहाँ रहने वाले बच्चों को स्कूल बैग दिये व साथ ही मिठाईयों, बिस्कुट, नमकीन, फल आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आइसोवा अध्यक्ष श्रीमती सिमरन बैंस, सचिव श्रीमती सीमा सुलेमान, संयुक्त सचिव श्रीमती शिप्रा पोरवाल तथा एसोसिएसन के सदस्य उपस्थित थे।

मोदी मंत्रिमंडल ने किया फैसला

## सौ शहरों में चलेंगी एक हजार इलेक्ट्रिक बसें



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुधवार को देश के सौ चुनिंदा शहरों में पीएम ई-बस योजना के तहत 1000 इलेक्ट्रिक बसों को चलाने की मंजूरी मिल गई। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने विश्कर्मा योजना को हरी झंडी दे दी, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त को लालकिले से किया था।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने ई-बस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत 57,613 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें से 20000 करोड़ केंद्र सरकार देगी बाकी की रकम राज्यों को खर्च करनी पड़ेगी। इस योजना के तहत उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी,जिनकी जनसंख्या 3 लाख या उससे ज्यादा होगी। उन्होंने कहाकि 10 हजार इलेक्ट्रिक बसें पीपीपी (पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप) मॉडल के अंतर्गत चलाई जाएंगी। अनुराग ठाकुर ने कहाकि सभी पुरानी बसें स्क्रैप नीति के तहत हटाई जा रही हैं। उनकी जगह पर अतिरिक्त बसें मुहैया कराई जाएंगी। यह योजना 10 साल तक चलेगी। ई-बस योजना में उन शहरों को प्राथमिकता दी जाएगी,जहां पर परिवहन सेवा की कमी है। उन्होंने बताया कि देश में 3 लाख से 40 लाख की आबादी वाले कुल 169 शहर हैं। इसमें फिलहाल सर्वाधिक चुनौती वाले 100 शहरों को चुना जाएगा।

### 30 लाख शिल्पकार परिवारों को मिलेगा फायदा

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने देश के छोटे कामगारों को आर्थिक मदद देने के लिए विश्वकर्मा योजना को मंजूरी दी गई। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना के लिए 13 हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। इसके तहत शिल्पकारों को एक लाख तक के कर्ज महज 5 फीसदी ब्याज पर दिए जाएंगे। इस योजना से 30 लाख शिल्पकार परिवारों को रोजगार मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए 14,903 करोड़ खर्च करने की मंजूरी दी गई है।

### 7 रेलवे परियोजनाओं को दी भी मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 32,500 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाली सात रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दे दी, जिससे उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, ओडिशा और गुजरात जैसे राज्यों को कवर करने वाले मौजूदा नेटवर्क में 2,339 किलोमीटर की दूरी जुड़ जाएगी।

कांग्रेस ने कैग रिपोर्ट पर केंद्र पर घेरा

# कैग की रिपोर्ट के खुलासों पर जवाब दें मोदी

- सड़क के निर्माण में दोगुनी राशि खर्च हुई
- 250 करोड़ प्रति किलोमीटर पहुंचा खर्च

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि लेखा और महानियंत्रण(कैग) की रिपोर्ट में जिन महत्वपूर्ण सरकारी परियोजनाओं में घोटालों का पर्दाफाश हुआ है उनसे देश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है और परियोजनाओं की साख पर भी सवाल उठे हैं इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस बारे में जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भारत माला परियोजना के तहत करीब 70-75 हजार किमी लम्बी सड़कों का निर्माण हुआ है। इसके लिए निधि को मंजूरी प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल समिति ने दी। इसके बावजूद एक किमी सड़क के निर्माण में दोगुना राशि खर्च हुई और करोड़ों रुपए का फर्जीवाडा हुआ है। उनका कहना था कि द्वारका एक्सप्रेस-वे में 2 किमी सड़क बनाने में जितने रुपए खर्च हुए हैं उतने पैसे में मंगलयान मंगल ग्रह पर पहुंचा जा सकता है। इस सड़क को दुनिया का आठवां अजूबा घोषित कर देना चाहिए और उसे देखने के लिए टिकट लगना चाहिए।



उन्होंने कहा कि मोदी सरकार जिस द्वारका एक्सप्रेस-वे की तारीफ करते नहीं थकती उसको लेकर जब खुलासा तो पता चला कि 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर सड़क के निर्माण के लिए स्वीकृत हुए थे लेकिन इस सड़क का निर्माण 250 करोड़ रुपए प्रति किलोमीटर पहुंचा है। इसी तरह से दिल्ली से मुंबई जाएंगे तो आपको छह हजार रुपए का टोल ही देना पड़ेगा, लेकिन कैग ने इसकी असलियत का भी खुलासा किया और सिर्फ पांच टोल का औचक आडिट किया और पता चला कि इसमें 132 करोड़ रुपए अवैध वसूले गए। यदि पूरे देश के टोल प्लाजा को देखें तो लाखों करोड़ रुपए का घोटाला हुआ है। सुश्री श्रीनेत ने कहा कि कैग ने जिन परियोजनाओं में फर्जीवाड़ा होने की रिपोर्ट दी है उनमें भारतमाला प्रोजेक्ट की बोली में फर्जीवाड़ा, द्वारका एक्सप्रेस-वे में 1 किमी सड़क बनाने में 250 करोड़ खर्च, टोल नियमों का उल्लंघन करके एनएचएआई ने जनता से वसूले 132 करोड़, आयुष्मान भारत योजना के 7.5 लाख लाभार्थी एक ही नंबर से लिंक, अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया।

## सत्ता में आने पर बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएगी कांग्रेस



**भोपाल, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो वह बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएगी, लेकिन 'गुंडों' और 'दंगाइयों' को बख्शा नहीं जाएगा।

सिंह ने 'हिंदू राष्ट्र' पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की टिप्पणियों को लेकर उनका बचाव किया। श्री सिंह ने यह पूछने पर कि क्या सत्ता में आने पर कांग्रेस बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाएगी, हम प्रतिबंध नहीं लगाएंगे। बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं, लेकिन, जो गुंडे हैं और दंगों में शामिल हैं, उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।'' 'हिंदू राष्ट्र' पर कांग्रेस नेता कमलनाथ की टिप्पणी के संबंध में एक सवाल पर सिंह ने कहा, ''आप लोगों ने कमलनाथ के बयान को गलत तरीके से पेश किया है। उन्होंने कभी वह नहीं कहा जो आप लोग और भाजपा कह रही है। मैं भाजपा, प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और मुख्यमंत्री से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने संविधान की शपथ ली है या हिंदू राष्ट्र की?'' कुछ पत्रकारों ने आठ अगस्त को कथा वाचक धीरेंद्र शास्त्री की भारत ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

हमीदिया महाविद्यालय के अमृत महोत्सव में जुटे वर्ष 1946 से 2023 तक के विद्यार्थी

# जीवन में कुछ बेहतर और बड़ा करने का लक्ष्य रखें : शिवराज

### हमीदिया महाविद्यालय का बनेगा विशाल और भव्य भवन, नए संकाय खुलेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज यहाँ शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अमृत महोत्सव 2023 में महाविद्यालय का अत्याधुनिक विशाल सर्व सुविधायुक्त भवन बनाने और विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार नए संकाय खोलने की घोषणा की। श्री चौहान ने कहा कि भवन निर्माण के स्थान के निर्धारण के बाद एप्रोच रोड और अन्य कार्य भी किए जाएंगे। पूर्व और वर्तमान विद्यार्थियों के सुझावों पर जरूरी कदम उठाएंगे और कलेक्टर भोपाल, उच्च शिक्षा विभाग और संबंधित विभागों से समन्वय कर इन कार्यों को पूरा कराया जायेगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने अमृत महोत्सव 2023 को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के समक्ष यह विकल्प होता है कि वह या तो सामान्य जीवन जिये या देश और समाज के लिए बेहतर कार्य कर महान बनने का प्रयास करे। औरों के लिए जीना उपयोगी जीवन है। जीता वही है जो देश और समाज के लिए जीता है। स्वामी विवेकानंद ने यही प्रेरणा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सीनियर होने के नाते अपने जूनियर्स को यही संदेश देना चाहता हूँ कि जीवन में कुछ बड़ा और बेहतर करने की सोचें। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री चौहान स्वयं इस महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय परिसर में स्थापित स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने संबोधन के प्रारंभ में गीत भी सुनाया अहसान मेरे दिल पर तुम्हारा है दोस्तों, ये दिल तुम्हारे प्यार का मारा है दोस्तों... । मुख्यमंत्री चौहान ने पूर्व विद्यार्थियों और साथियों की फरमाइश पर - नदिया चले, चले रे धारा, तुझको चलना होगा... गीत भी सुनाया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उन्हें भेंट किया गया वर्ष 1978 का फोटो भी देखा और यादें ताजा कीं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने रमेश शर्मा गुड्ढ भैया को भी याद किया। न्यू मार्केट में समता चौक और लिटिल कॉफी हाउस में मित्रों के साथ मिलने-जुलने और चर्चा के दौर चलते थे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महाविद्यालय के साथियों का बार-बार स्मरण किया। इनमें छात्र संघ अध्यक्ष रहे श्री प्रेम ढींगरा, महाविद्यालय की जन-भागीदारी समिति ▪ शेष पृष्ठ 6 पर



### यादों में खो गए मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि कॉलेज में सभी प्रेम से मिलते हैं। आज इस महाविद्यालय के परिसर में आकर अनेक यादें ताजा हो रही हैं। ऐसा लगता है दौड़ कर जाएं और दोस्तों से गले लग जाएं।

श्री चौहान ने बताया वे साइकिल से कॉलेज जाते थे। पहले सेफिया कॉलेज जाते थे बाद में हमीदिया। इस महाविद्यालय से अनेक हस्तियां निकली हैं, जिनमें भारत के राष्ट्पति रहे डॉ. शंकर दयाल शर्मा भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने डॉ. शर्मा को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कहा कि इस महाविद्यालय से बाबूलाल गौर, कैलाश सारंग, लक्ष्मीनारायण शर्मा, श्रीमती नजमा हेपतुल्ला, के.एन. प्रधान, ओ.एन. श्रीवास्तव, जस्टिस फैजानुद्दीन, हसनात सिद्दीकी जैसी हस्तियां पढ़कर निकली।

### विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में कर रहे कॉलेज का नाम रोशनः शर्मा

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमीदिया कॉलेज का लंबा इतिहास रहा है। कॉलेज में राजनीति का ककहरा सीखकर बड़े-बड़े पुरोधा निकले हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी राजनीति के गुर यहीं पर सीखे हैं। आज वे अपने राजनीतिक कौशल से देश और प्रदेश का मान बढ़ा रहे हैं। देश में सबसे अधिक समय तक मुख्यमंत्री के रूप में रहने वाले नेता हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति ही नहीं बल्कि उद्योग, संस्कृति, कला, व्यवसाय आदि के क्षेत्र में भी कई पुराने छात्र महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। मैंने इस कॉलेज में अध्ययन तो नहीं किया लेकिन यहां से कई स्मृतियां जुड़ी हैं। विद्यार्थी परिषद में रहते हुए यहां आना-जाना होता था। उन्होंने कहा कि आज भी महाविद्यालय अपने ऐतिहासिक अनुभवों को समेटे हुए है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आज महाविद्यालय के एक नहीं बल्कि अनेकों छात्रों ने अलग-अलग दिशा में महाविद्यालय का नाम ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

## सार समाचार

### मोहनपुरखुर्द में मंत्री ने बच्चों संग किया विशेष भोज



**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विकासखंड बमोरी के तहसील मोहनपुरखुर्द में पोषण आहार योजना अंतर्गत विशेष भोज में शामिल हुए प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेंद्र सिंह सिसोदिया। इस अवसर पर कलेक्टर तरुण राठी, एसपी राकेश कुमार सगर, जिपं सीईओ प्रथम कौशिक सहित स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणजनों के साथ भोजन किया गया। इसके पश्चात ग्राम पंचायत मोहनपुरखुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा उपस्थित ग्रामीणजनों को संबोधित किया और कहा कि आज हमारा देश आजाद हुआ है। इस आजादी में हमारे आदिवासी भाईयों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन सभी आदिवासी भाईयों को नमन। हमारी सरकार द्वारा जनता के हित में अनेक कार्य किये गये हैं। आज गांव गांव स्कूल खोले गये हैं। सडकें बनायी गयी हैं, इसी तरह बमोरी विधानसभा क्षेत्र में 11 करोड़ लागत से आईटीआई भवन स्वीकृत किया गया है, जिसमें बच्चों को कौशल प्रशिक्षण दिया जायेगा। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया।

अंत में सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बमोरी बिहारी लाल, सरपंच प्रतिनिधि कमलेश यादव, एसडीएम दिनेश सावले, जनपद बमोरी सीईओ शैलेन्द्र सिंह यादव, तहसीलदार गजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### नगर पालिका परिसर में हुआ ध्वजारोहण

**गुना, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद गुना द्वारा स्वतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, सीएमओ बीडी कतरोलिया ने नपा कार्यालय में ध्वजारोहण किया गया, तत्पश्चात कार्यालय में राष्ट्गान का गायन किया गया एवं मिष्ठान वितरण किया। सभी अधिकारी कर्मचारी एवं पार्षद गण नगरपालिका से बापू पार्क पहुंचे। जहां राष्टपिता महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित कर प्रभात फेरी निकाली गई व शास्त्री पार्क पहुंचे। सभी जनप्रतिनिधियों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं सुभाष मंच पहुंचकर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सोनी ने भी संबोधित किया, आभार सीएमओ बीडी कतरोलिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर पार्षद कैलाश धाकड़, दिनेश शर्मा, संध्या अशोक सोनी, कीर्ति प्रदीप सरवैया, बृजेश राठौर, अनीता महेंद्र कुशवाह, बबीता राजेश साहू, राधा भगवान सिंह कुशवाह, ममता तोमर के साथ नपा के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित हुए।



### धूमधाम, हर्षोल्लास, उमंग के साथ मना स्वतंत्रता दिवस

# पंचायत मंत्री ने फहराया राष्ट्रध्वज, परेड की ली सलामी





**गुना, देशबन्धु।** जिले में आजादी की 76वीं वर्षगांठ पूरे हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने लाल परेड मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर प्रदेश के मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मंत्री श्री सिसोदिया द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश के वाचन के दौरान शासन की प्राथमिकता एवं उपलब्धियों का वाचन किया। इस दौरान उन्होंने शासन की महत्वपूर्ण क्रांतियों का उल्लेख किया। उसके बाद मंत्री सिसोदिया ने रंग-बिरंगे गुब्बारे मुक्त गगन में छोड़े।

इस दौरान उन्होंने जिले के स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों का शाल-श्रीफल के साथ सम्मान किया। सशस्त्र बल प्रथम प्लाटून 26वीं वाहिनी विसबल, द्वितीय प्लाटून म.प्र. जिला पुलिस बल, तृतीय प्लाटून म.प्र. जिला पुलिस बल (महिला विंग), चतुर्थ प्लाटून होमगार्डस, एनसीसी सीनियर डिवीजन (पीजी कॉलेज गुना), एनसीसी सीनियर विंग (बालिका पीजी कॉलेज गुना), जूनियर फोर्स में एनसीसी जूनियर डिवीजन (उत्कृष्ट उमावि गुना), एनसीसी जूनियर डिवीजन (बाउमावि क्र.2 गुना), एनसीसी जूनियर डिजीजन (बाउमावि कैंट गुना), शौर्या दल महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला रेडक्रास दल, जिला संघ गाईड दल तथा जिला संघ स्काउट गाईड द्वारा मार्च पास्ट किया गया।

**रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समां :** विभिन्न विद्यालयों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सीडब्लयूएसएन छात्रावास सर्वशिक्षा अभियान गुना, वंदना कॉन्वेंट स्कूल गुना, शास. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि गुना तथा शासकीय कन्या उमावि कैंट गुना के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

इस दौरान सीडब्लयूएसएन छात्रावास सर्वशिक्षा अभियान के बच्चों द्वारा भी देशभक्ति से परिपूर्ण कार्यक्रम की प्रस्तुति दी और उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। कार्यक्रम में मार्च पास्ट में सीनियर आर्म्स फोर्स 26वीं विसबल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर डिवीजन फोर्स में एनसीसी (बाउमावि क्र.2 गुना) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सांस्कृति आयोजनों में प्रथम स्थान वंदना कॉन्वेंट गुना, द्वितीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उमावि गुना तथा तृतीय स्थान कन्या कैंट उमावि ने प्राप्त करने वालों को अतिथि द्वारा पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में शासकीय सेवकों द्वारा अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लगभग 185 अधिकारी, कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आखिरी में स्कूली छात्राओं द्वारा राष्टगान की प्रस्तुति दी गयी।

### धार्मिक नारों लगाने के बाद बनी तनाव की स्थिति

# तिरंगा यात्रा के दौरान 2 समुदायों में झड़प





**गुना, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जहां एक तरफ जहां देश आजादी का जश्न मना रहा था। वहीं शहर में कुछ असामाजिक तत्वों ने माहौल बिगाडऩे का प्रयास किया। यहां सदर बाजार में दो समुदायों द्वारा निकाली जा रही तिरंगा यात्रा के दौरान भडक़ाऊ नारे लगाकर दोनों पक्षों के खुरापाती आपस में भिड़ गए। विवाद के बाद हुई मारपीट से बाजार बंद हो गए हैं और चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात की गई है। दरअसल पूरे जिलेभर में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर तिरंगा यात्रा और रैलियां निकाली जा रही है। इसी क्रम में मुस्लिम समाज द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकाली जा रही थी। इसकी अनुमति भी प्रशासन से ली गई थी। उसी समय युवा मोर्चा की तिरंगा यात्रा तिरंगा यात्रा बाइक रैली का भी आयोजन हो रहा था। बाइक रैली में शामिल होने जा रहे कुछ युवाओं ने मुस्लिम समाज की तिरंगा यात्रा में घुसकर धार्मिक नारेबाजी कर दी। नारेबाजी के बाद मुस्लिम समाज के लोग भडक़ गए और दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। देखते ही देखते बवाल खड़ा हो गया। पूरे बाजार में दहशत फैल गई। इस दौरान कुछ लोगों ने बाइक में तोडफ़ोड़ कर दी।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे पुलिसकर्मी तिरंगा यात्रा से गायब रहे। बवाल के बीच मुस्लिम समाज के लोग थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। इसी बीच युवा मोर्चा के नेता भी सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ सिटी कोतवाली पहुंच गए और जय श्रीराम के नारे लगाकर थाने का घेराव कर दिया। इसी के साथ चक्काजाम भी कर दिया। इस बारे में एएसपी अनिल पाटीदार का कहना है कि दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना मिली थी। इस मामले की समीक्षा की जा रही है। मामले से जुड़े वीडियो फुटेज देखने के बाद आगे की कार्रवाई का निर्णय लिया जाएगा।

## स्वतंत्रता दिवस पर कांग्रेस ने लिया बुराईयों के नाश का संकल्प

▸ जीभ सूख जाएगी घोटालों की लिस्ट नहीं होगी खत्म



**गुना, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी गुना द्वारा स्थानीय राजीव गांधी कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़ द्वारा झण्डा वंदन कर हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर भारी तादाद में कांग्रेसजन मौजूद रहे। सुबह 8 बजे से ही कांग्रेसजन राजीव भवन में एकत्र होना शुरू हो गए थे। सुबह 9 बजे जिला अध्यक्ष द्वारा झण्डा वंदन करने के बाद राष्ट्रगान हुआ। इसके बाद मेहरबान सिंह द्वारा मप्र कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के संदेश का वाचन समस्त कांग्रेसजन के समक्ष किया गया। कमलनाथ द्वारा भेजे गए संदेश में प्रत्येक कांग्रेसजन को 77वें स्वाधीनता दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ बताया गया कि वीर महारानी लक्ष्मीबाई वीरांगना झलकारी बाई, तात्या टोपे, बहादुर शाह जफर और मंगल पांडे जैसे शहीदों के कर्जदार है हम आदिवासी विद्रोह के महानायक भगवान बिरसा मुंडा और मामा को हृदय से याद करते हैं।


संदेश वाचन के बाद उत्साहित कांग्रेसजन द्वारा बुराईयों के नाश का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात राजकुमार अग्रवाल, महेंद्र राजपूत, छोटू शिमला द्वारा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेहरबान सिंह धाकड़, वरिष्ठ नेता नुरुल हसन नूर, हरिशंकर विजयवर्गीय का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके बाद स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश महामंत्री हरिशंकर विजयवर्गीय द्वारा वर्तमान में चल रहे घटनाक्रम पर प्रकाश डाला गया। संगठन मंत्री विश्वनाथ तिवारी द्वारा सभी कांग्रेसजन को आजादी की वर्षगांठ पर शुभकामनाएं दी एवं आजादी के नायकों को याद किया। कार्यक्रम का संचालन हर्ष मेर द्वारा किया गया एवं आभार ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल शर्मा द्वारा प्रकट किया गया। इसके बाद मिष्ठान वितरण कर सभी ने एक दूसरे को बधाई दी, जिसके बाद स्वल्पाहार कर कार्यक्रम समाप्त किया। इस अवसर पर समस्त कार्यकर्ता, पदाधिकारीगण, वरिष्ठजन, ब्लॉक अध्यक्षगण, पार्षद, सांसद प्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, पार्षद प्रत्याशी, जिला - जनपद सदस्यगण, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, कर्मचारी अधिकारी, बाल कांग्रेस, समस्त प्रकोष्ठ, मोर्चा, संगठन अध्यक्ष कार्यकर्ता, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए, पोलिंग कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पर किया ध्वजारोहण



**गुना, देशबन्धु।** 76वें स्वाधीनता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय पर कलेक्टर तरूण राठी द्वारा सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रगान का गायन किया गया। ध्वजारोहण के समय जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा, डिप्टी कलेक्टर जिया फातिमा, डिप्टी कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एसडीएम दिनेश सावले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उपरांत सभी ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए स्वल्पाहार किया। कार्यक्रम को गरिमा प्रदान करते हुए स्कूली छात्राओं द्वारा देशभक्तिपूर्ण गीत गाये, जिनका सभी ने ताली बजाकर सम्मान किया।

### कावड़ यात्रा हुई कुंभ में तब्दील, उमड़ा भक्तों का सैलाब



**कावड़ियों पर हेलीकाप्टर से बरसाए फूल**

**सीहोर, देशबन्धु।** बुधवार को अधिक मास की अंतिम अमावस्या को लगातार दूसरी साल विठलेश सेवा समिति के तत्वाधान में इस वर्ष भी शहर के जीवनदायिनी सीवन नदी से जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में तक करीब 11 किलोमीटर निकाली गई कावड़ यात्रा ने सारे रिकार्ड तोड दिए है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडित प्रदीप मिश्रा के साथ पैदल चलकर यहां भगवान शिव का अभिषेक किया। बुधवार की सुबह भागवत भूषण पंडित श्री मिश्रा ने सीवन नदी घाट पर पहुंचकर विधि-विधान से पूजन अर्चना के बाद कावड़ भरी और उसके बाद लगातार 6 घंटे पैदल चलने के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे यहां पर अभिषेक और आरती का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि कांवड़ मेला सकुशल संपन्न हो गया है। इस साल की कांवड़ यात्रा ने पिछले साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

### जिला कांग्रेस कार्यालय में लहराया तिरंगा, दी सलामी



**सीहोर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय न्यू बस स्टैंड सीहोर पर जिला अध्यक्ष की उपस्थिति में बड़े हर्ष और उल्लास के साथ राष्ट्रीय पर्व मनाया गया। सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष डॉ.बलवीर तोमर द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान किया किया गया। उसके बाद उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने एक दूसरे को मीठाई खिलाते हुए देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। पूर्व विधायक रमेश सक्सेना सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस जन विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष एवं सदस्य, जिला कार्यकारिणी के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जी का प्रदेश के नाम संदेश का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओमदीप द्वारा किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक रमेश सक्सेना, राममूर्ति शर्मा, विष्णु प्रसाद राठौर, चम्पालाल राठौर, नईम नवाब, के.यू.कूरैशी, राकेश राय, राजेन्द्र वर्मा, भूरा राजेश यादव, राहुल यादव, रूकमणी रोहिला, रघुवीर सिंह दांगी, हरपाल सिंह ठाकुर, रमेश गुप्ता, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजीव गुजराती राजेन्द्र ठाकुर, दर्शन सिंह वर्मा, राजाराम बड़े भाई, गणेश तिवारी, सुनील दुबे, मुनव्वर मामू, जफर लाला, विवेक राठौर, मेघा परमार, राजु राजपूत, शशांक सक्सेना, नईम नवाब, के.के.रिछारिया, भगत सिंह तोमर, तुलसी राजकुमार राठौर, शरद जोशी, आशीष गेहलोत, अरूण राय, असरफ अली, टीनू ठाकुर, तारा यादव, सुरेश राठौर, गुलजारी वाजपेयी, देवेन्द्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**आष्टा, देशबन्धु।** शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, आष्टा में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में पधारे मुख्य अतिथि श्रीमती पायल अली तथा प्राचार्या महोदया द्वारा राष्ट्रीय झंडा फ्हराया गया। तत्पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति गीत की प्रस्तुति देकर विद्यालय के वातावरण को देशभक्ति के माहौल से भर दिया। कक्षा सातवीं की छात्रा अनिका राजवैद्य ने अपने भाषण के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके साथ ही समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने भारत की विभिन्न संस्कृतियोंए सभ्यताओं, सद्भाव और एकता का परिचय दिया। इसके बाद कक्षा चौथी की छात्रा इबा इब्राहिम ने अपना भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अगले चरण में कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी तक के बच्चों ने अपनी अद्भुत देशभक्ति प्रस्तुतियों से सबका मन मोहित कर लिया। इसी क्रम में विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती संगीता सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा. हमारे देशभक्तों ने अपने प्राणों का बलिदान करके स्वतंत्रता प्राप्त की है और हमें सदैव देशभक्तों का सम्मान करना चाहिए और हमें हमेशा राष्ट्रीय ध्वज की रक्षा करनी चाहिए तथा प्राचार्या महोदया ने उपस्थित सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी ।इस अवसर पर संचालक ध्रुव कुमार तिवारीएश्रीमती पायल अली, ज्ञानसिंह ठाकुर, बहादुर सिंह सेंधव, प्राचार्या डॉ. संगीता सिन्हा, विद्यालय के अध्यापक अध्यापिका सहित छात्रगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस: खेल व युवा कल्याण मंत्री ने किया ध्वजारोहण



**शिवपुरी, देशबन्धु।** 77 वां राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में खेल एवं युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं और उन्होंने ध्वजारोहण किया और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के अवसर पर मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक रघुवंश सिंह भदौरिया के साथ परेड का निरीक्षण किया तथा सलामी ली। इस दौरान परेड की टुकड़ियों द्वारा हर्ष फायर किया गया।

77वें स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित हुए मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने प्रात: 9 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद संयुक्त परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया।

वहीं संयुक्त परेड में जिला पुलिस बल, महिला पुलिस, होमगार्ड, 18वीं वाहिनी एसएएफ, एनसीसी, शौर्या दल ने आकर्षक मार्च पास्ट किया। मार्चपास्ट के पश्चात सभी टुकड़ियों के परेड कमांडर्स से मुख्य अतिथि ने परिचय प्राप्त किया। इस मार्चपास्ट में सशस्त्र बल में 18 बटालियन एसएएफ को प्रथम, मध्य प्रदेश पुलिस पुरुष को द्वितीय एवं मध्य प्रदेश पुलिस महिला को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। परेड प्रदर्शन में निशस्त्र बल में एनसीसी सीनियर बालिका को प्रथम, एनसीसी को द्वितीय एवं शौर्या दल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय मॉडल उ.मा.विद्यालय सीएम राइज स्कूल शिवपुरी, अशासकीय सेंट चार्ल्स स्कूल, उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी, हैप्पी डेज स्कूल, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने भाग लिया। जिसमें उत्कृष्ट विद्यालय शिवपुरी को प्रथम स्थान, हैप्पी डेज स्कूल को द्वितीय और शासकीय कन्या विद्यालय आदर्श नगर को तृतीय स्थान मिला।

**उत्कृष्ट कार्य के लिए दिए प्रमाण-पत्र :** विभिन्न विभागों में कार्यरत शासकीय सेवकों को उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया।

# उत्साह व उमंग के साथ मना 77 वें स्वतंत्रता दिवस, जगह-जगह लहराया तिरंगा




*__आष्टा, देशबन्धु।__ नगर में उत्साह व उमंग के साथ शासकीय, अर्द्धशासकीय और महाविद्यालयों तथा विद्यालयों में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण किया गया। नगरपालिका कार्यालय में नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना, पार्षदगण डॉ. सलीम, कमलेश जैन, हिफ्जुर्रहमान भैया मियां, आरिस अली, जाहिद गुड्डू, तारा कटारिया, तेजसिंह राठौर, रवि शर्मा, अंजली चौरसिया, विशाल चौरसिया, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, गिरजा कुशवाह, मनोहर भोजवानी सहित अन्य नागरिकगण, कर्मचारीगण मौजूद थे। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान और मध्यप्रदेश गान का गायन किया गया।*

*वहीं चार बत्ती चौक पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की धर्मपत्नी श्रीमती शारदादेवी झंवर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं विजय स्तम्भ बड़ा बाजार पर मीसाबंदी फूलचंद वर्मा, मोहम्मद अब्दुल कलाम चौक कसाईपुरा पर शहर काजी जनाब फ्जले बारी आरिफ द्वारा नया फिल्टर प्लांट पर मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी के साथ ही बोहरा समाज मस्जिद में विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा समाज के वरिष्ठों की मौजूदगी में ध्वजारोहण किया गया। संस्कृति उमावि में भी विधायक प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा द्वारा प्राचार्य सर्वेश उपाध्यायए शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। इधर मुख्य आयोजन श्यामाप्रसाद मुखर्जी मैदान पर संपन्न हुआ। यहां पर मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दीक्षा गुणवान द्वारा ध्वजारोहण किया गया। समारोह में विधायक रघुनाथ सिंह मालवीय, अनुविभागीय अधिकारी आनंद राजावत, सीएमओ राजेश सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, कैलाश बगाना, सोनू गुणवान, विशाल चौरसिया सहित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।*

*ध्वजारोहण के बाद मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संदेश का वाचन हुआ। बाद में एनसीसी कैडेट्स जूनियर और सीनियर द्वारा परेड की गई, तदुपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें जेडी किड्स स्कूल प्रथम, मॉडल स्कूल द्वितीय व उत्कृष्ट उमावि तृतीय विजेता के रूप में रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद शासकीय सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रमाण पत्र सौंपकर सम्मानित किया गया। नगरपालिका में अपनी उत्कृष्ट सेवा देने पर सफाई पर्यवेक्षक विनोद सांगते एवं आशीष बैरागी को प्रमाण पत्र भेंटकर सम्मानित किया।*

# बॉब के एटीएम का क्लोन बनाकर रुपए निकालने वाला रोमानियन नागरिक गिरफ्तार

## 2 सौ लोगों को बनाया निशाना




**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल और इंदौर के बैंक आफ बड़ौदा (बॉब)के खाताधारकों के एटीएम का क्लोन बनाकर रुपये निकालने के मामले में भोपाल साइबर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने दिल्ली से एक रोमानियन नागरिक और उसके भारतीय साथी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने बताया कि बीडीए कालोनी कोहेफिजा में रहने वाले 38 वर्षीय सैयद फारूक अली ने 10 जुलाई को साइबर क्राइम ब्रांच में शिकायत की थी कि उनके बैंक खाते से करीब 75 हजार रुपये निकाल लिए गए हैं, जबकि उन्होंने ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया। इसके बाद ऐसे ही करीब 70 लोगों ने खाते से 20 से 25 हजार रुपये निकलने की शिकायत साइबर क्राइम में की। इन मामलों में प्रकरण दर्ज कर जांच में सामने आया था शिकायतकर्ताओं के रुपये दिल्ली से निकाले जा रहे हैं और जिन एटीएम बूथ से रुपये निकाले जा रहे थे, वह बैंक आफ बड़ौदा के ही थे और दिल्ली के वीआइपी इलाकों में लगे थे। इन साक्ष्यों मिलने के बाद साइबर टीम जांच के लिए दिल्ली पहुंची। यहां साइबर टीम ने करीब 25 से ज्यादा एटीएम बूथ के सीसीटीवी की डेढ़ सौ तस्वीरें खंगाली और हर तस्वीर में विदेशी नागरिक नजर आ रहा था। बाद में एक तस्वीर में एक कार नजर आ गई, उसके नंबर से पुलिस रोमानियन नागरिक 50 वर्षीय आयोनेल मियु तक पहुंच गई और उसे गिरफ्तार किया। वह दिल्ली के मोहन मार्डन में रह रहा था। उसके साथ ही महाराष्ट्र मीरा रोड ठाणे का रहने वाले 38 वर्षीय फिरोज अहमद को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, एक लैपटाप, तीन सिम कार्ड, चार एटीएम कार्ड, एक एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार करने वाली मशीन (डिजिटल एमएसआर), एक एटीएम स्क्रीमर डिवाइस, एक वीडियो रिकार्डिंग डिवाइस, एटीएम माड्यूल बरामद किया गया है।

### ऐसे देते थे वारदात को अंजाम

*पुलिस आयुक्त ने बताया कि आयोनेल मियू जून में भोपाल आया था। इस दौरान रातीबड़ के ग्राम मैंडारा में आनलाइन एप का उपयोग कर वह रुका था। उसे रुकवाने और कार का इंतजाम फिरोज ने ही किया था। फिरोज ने अपने ही दस्तावेज उसके नाम के साथ लगाए थे। इसके बाद आयोनेल ने फिरोज के साथ मिलकर बैंक आफ बड़ौदा के सुनसान स्थान पर लगे तीन एटीएम बूथों की रेकी की और उसमें स्क्रीमिंग डिवाइस के साथ हिडन कैमरे लगा कर एटीएम कार्ड का क्लोन तैयार करने वाली मशीन (डिजिटल एमएसआर) से खाताधारकों की जानकारी चुराकर क्लोन तैयार कर लेते थे। बाद में हिडन कैमरे की मदद से पिन नंबर हासिल कर लेते और फिर क्लोन कर बनाए नए एटीएम से बूथ में जाकर रुपये निकाल लेते थे। इस काम में आयोनेल मियू माहिर था। उसने रोमानिया में ही यह सब सीखा था। दोनों आरोपी ने भोपाल के ऐसे करीब 70 ग्राहक समेत अलग-अलग राज्यों के 200 खाताधारकों के खातों में सेंधमारी कर करीब 16 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। वहीं मियु पर 2017 में दो साइबर अपराध मुंबई में दर्ज हैं। इनमें फिलहाल वह जमानत पर है।*

### 6 साल पहले भारत आया था, नशे का आदी है

*पुलिस आयुक्त ने बताया कि आयोनेल मियु 12वीं तक पढ़ा हुआ है। वह छह साल पहले भारत आया था और तब से फिरोज के ठाणे स्थित मकान में ही किराए से रह रहा था। बाद में दोनों अच्छे दोस्त हो गए थे। आयोनेल मियु नशे का आदी है और वह महंगा नशा करता है। वह एक बार में 50 से 60 हजार की कोकीन पी जाता है। वह अपनी मौजमस्ती के लिए ही वारदात कर रहा था।*

### भाषा के कारण पूछताछ में दिक्कत

*पुलिस को सबसे बड़ी दिक्कत आयोनेल मियु की भाषा को लेकर है। उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ करने में वह जानकारी नहीं दे पा रहा है, क्योंकि वह रोमानिया भाषा जानता है। उसे हिंदी आती नहीं और इंग्लिश कम बोल पाता है। चूंकि कई जांच के बिंदुओं में पुलिस की पूछताछ बाकी है। इसके लिए भाषा के जानकार को बुलाया जाएगा।*

# स्वतंत्रता दिवसः जन-गण-मन के साथ लहराया तिरंगा






**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी भोपाल में 77 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जहां तमाम सरकरी और शैक्षणिक संस्थाओं के साथ चौक-चौराहों पर शान से ध्वजारोहरण कर जन-मन-गण का गायन किया गया। वहीं कई जगहों पर देशभक्ति के कार्याक्रम भी हुए। इनमें पुराने शहर में आरिफ अकील फैंस क्लब द्वारा निकाली गई पैगाम ए मोहब्बत रैली और शास्वत भारत मित्र मंडल द्वारा भारत माता की महाआरती आकर्षण का केन्द्र रही।

महापौर मालती राय ने आईएसबीटी स्थित नगर निगम मुख्यालय पर झंडा वंदन किया। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस की शहर वासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान निगम के अधिकारी-कर्मचारी और पार्षद के साथ शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें। जिला पंचायत की अध्यक्ष रामकुवर नौरंग सिंह गुर्जर ने जिला पंचायत कार्यालय पर झंडा वंदन कर सलामी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के स्वतंत्रता दिवस संदेश का वाचन किया।

वहीं खेल संचालक रविकुमार गुप्ता ने टीटी नगर स्टेडियम में ध्वजारोहण किया, इस मौके पर संयुक्त संचालक बीएस यादव, जिला खेल अधिकारी वाणी साहू, शिप्रा श्रीवास्तव, प्रदीप अस्ट्रीय मौजूद थे। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने पर्यावास भवन परिसर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आयोग के सदस्य राजीव कुमार टंडन, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीबी शर्मा, आयोग के अन्य अधिकारियों सहित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। अपेक्स बैंक मुख्यालय के प्रांगण में आयुक्त सह पंजीयक, सहकारी संस्थायें, मध्यप्रदेश एवं बैंक के प्रशासक आलोक कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध संचालक पी.एस.तिवारी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (संयुक्त आयुक्त, सहकारिता)अरुण मिश्र, श्रीमती कीर्ति सक्सेना, संजय मोहन भटनागर, उप महाप्रबंधक आर.एस.चंदेल, सहायक महाप्रबंधक के.टी.सज्जन, अरविंद बौद्ध, वि.क.अ, प्रबंधक विवेक मलिक, करुण यादव, अरविंद वर्मा, जनसम्पर्क अधिकारी अभय प्रधान अशोक व्यास, अनुपमा हुद्दार सहित बैंक के अनेक अधिकारी/शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारी भी उपस्थित हुए । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. पवन शर्मा ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का गायन किया गया। कलेक्टर आशीष सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रमाण - पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 में प्राचार्य सरजीत सिंह ने ध्वजारोहण कर झंडे की सलामी ली और बच्चों ने सांस्कृतिक देशभक्ति और गीत प्रस्तुत किया। इसी तरह अन्य सभी शैक्षणिक संस्थाओं में भी ध्वजारोहण के साथ ही देशभक्ति व सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।

आईनॉक्स एयर प्रॉडक्ट औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा मे स्वाधनीता दिवस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉक्टर आर.एच लता और विशेष अतिथि जी.के. छिब्बर विधिक सलाहकार थे। मुख्य अतिथि ने कहा की आईनॉक्स एयर प्रॉडक्ट ने कोविड के समय दिन रात ऑक्सिजन सप्लाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात में कर चुके हैं । मध्य प्रदेश सरकार ने भी पांच लाख रुपए का गौरव सम्मान आईनॉक्स को दिया है। कार्यक्रम में समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन एच.आर मैनेजर जगजीत सिंह ने किया । उधर माहेश्वरी युवा संगठन दक्षिणांचल भोपाल द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी को तिरंगा उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में संजय काबरा, संदीप मिजाजी, चिन्मय बजाज, डॉ. सुशेन माहेश्वरी, स्वप्निल बाहेती, हितेष झंवर, केशव बांगड़, प्रखर जाजू , वरिष्ठ माहेश्वरी समाज के अन्य पदाधिकारी, महिला मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



## एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में किया गया ध्वजारोहण




कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यूनिवर्सिटी की वाइस चेयरपर्सन पूनम चौकसे, संचालक धर्मेंद्र गुप्ता, वाइस चांसलर डॉ. नरेंद्र कुमार थापक, रजिस्ट्रार अमित कुमार सोनी और डॉ. सत्यपति की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। वहीं करोंद स्थित जेएनसीटी (प्रोफेशनल) यूनिवर्सिटी और रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी कॉलेज में यूनिवर्सिटी के चांसलर जय नारायण चौकसे, प्रो. चांसलर अनुपम चौकसे, संचालक डॉ. श्वेता चौकसे, संचालक पूजाश्री चौकसे एवं एलएनसीटी कॉलेज के (प्रशासनिक ) संचालक अशोक कुमार राय की मौजूदगी में झंडा फहराया गया। इस दौरान एनसीसी के छात्र ने परेड की सलामी दी। इस मौके पर बड़ी संख्या में कर्मचारी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस



रोटरी क्लब ईस्ट भोपाल द्वारा निदान संस्था कोलार रोड के बच्चों के साथ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। संस्था के संचालक एवं शिक्षकों द्वारा बच्चों के भविष्य का निर्माण कितनी लगन और निष्ठा के साथ किया जा रहा है, इसकी झलक बच्चों की प्रस्तुतियों में दिखाई दी। रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन संजय दुबे ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की बधाइयां दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सचिव प्रखर तिवारी, कला मोहन, अल्पना मिश्रा, पी के भागवत, कुमुद तिवारी, सहित क्लब के अन्य सदस्य एवं बच्चों के माता-पिता उपस्थित रहे।

## बाल अधिकार मॉनीटर का विमोचन



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बाल अधिकारों पर केन्द्रित चाइल्ड राइटस मॉनीटर के पहले अंक का विमोचन बच्चों ने किया। इसका प्रकाशन बाल अधिकारों के लिये विगत 16 वर्षों से काम कर रही संस्था चाइल्ड राइटस आब्ज़र्वेटरी मध्यप्रदेश द्वारा शुरु किया गया है। न्यूज़लैटर का पहला अंक स्वास्थ्य पर केन्द्रित है जिसमे बच्चों के स्वास्थ्य के अधिकार, बच्चा स्वस्थ कैसे रहे, स्तनपान, जन्म प्रमाण-पत्र कैसे बने आदि जानकारी प्रकाशित की गई है। विमोचन के अवसर पर संस्था की अध्यक्ष डॉ. शीला भाम्बल, उपाध्यक्ष डॉ. आलोक रंजन चौरसिया, सचिव रश्मि सारस्वत, रघुराज सिंह, सुनिल शुक्ल, अजय कटारिया स्कूलों के बच्चे और प्राचार्य उपस्थित रहे। बाल अधिकार मॉनीटर न्यूज़लैटर निकालने का उद्देश्य यह है कि बाल अधिकारों और उनकी प्रदेश में स्थिति के साथ ही बच्चों की आवाज़ें और विशेषज्ञों द्वारा लिखी प्रामाणिक जानकारी प्रकाशित होगी। बाल अधिकार मॉनीटर हर माह प्रकाशित होगा।

# लोकायुक्त कार्रवाई में पकड़े गए वार्ड प्रभारी को छिंदवाड़ा भेजा

**भोपाल, देशबन्धु।** नगर निगम में बीते एक दशक में लोकायुक्त द्वारा की गई कार्रवाई के बाद जांच प्रभावित होने के डर से उसे मुख्यालय में लगा दिया जाता था। लेकिन नगरीय प्रशासन विभाग में शिकायत के बाद पहली बार एक वार्ड प्रभारी का तबादला छिंदवाड़ा किया गया है। गौरतलब है कि इस वार्ड प्रभारी के खिलाफ उपभोक्ता से छह हजार रुपये की रिश्वत लेने का आरोप था। जिसकी शिकायत नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग में भी की गई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते छह जून को वार्ड क्रमांक 81 के प्रभारी कैलाश यादव मूल पद सहायक राजस्व निरीक्षक को एक मामले में छह हजार की रिश्वत मांगने के चलते लोकायुक्त ने प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में जोन क्रमांक 19 के जोनल अधिकारी मयंक जाट सहित कैलाश से पक्ष भी लिया गया, जिसके बाद कार्रवाई प्रभावित न हो इस संबंध में लोकायुक्त द्वारा नगरीय प्रशसन विभााग द्वारा अभियोजन के दौरान कैलाश का स्थानांतरण भोपाल से अन्यत्र करने की मांग की गई। इस पर कैलाश को भोपाल नगर निगम से छिंदवाड़ा भेज दिया गया। हालांकि कैलाश को वर्तमान समय तक निगम की और से कोई कार्रवाई न कर केवल वार्ड प्रभारी के दायित्वों से मुक्त किया गया था। इसके बावजूद कैलाश नियमित तौर पर वार्ड 81 में अपनी हाजरी देता रहा। इसके बाद नगरीय प्रशासन विभाग के सह आयुक्त भरत यादव ने कैलाश को छिंदवाड़ा भेजे जाने के आदेश जारी किए। इसके बाद अब जाकर इस मामले में कैलाश को नगर निगम से कार्यमुक्त करने की तैयारी की जा रही है।

**यह था मामला:** वार्ड 81 में प्रभारी कैलाश ने कर के नाम पर अरूण राय नामक व्यक्ति से छह हजार रूपए की रिश्वत मांगी थी। अरूण ने इसकी शिकायत लोकायुक्त को की थी। इस मामले में लोकायुक्त ने कैलाश को अपना पक्ष रखने के लिए सात जून को बुलाया था। इस दौरान जोनल अधिकारी मयंक जाट से भी स्पष्टीकरण लिया गया था। इसके बाद से ही कैलाश पर कार्रवाई प्रस्तावित थी।

## निनाद समारोह 18 कल से

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य एवं ताल के आदिरूपों पर एकाग्र तीन दिवसीय निनाद समारोह का आयोजन 18 से 20 अगस्त, तक प्रतिदिन शाम 6.30 बजे से संग्रहालय में किया जा रहा है। इन तीन दिनों में ऐसे नृत्य होंगे, जिनमें नृत्य की प्रेरणा के आरंभिक स्त्रोत डंडे का उपयोग प्रमुखता से होता है। समारोह में प्रदेश एवं देश के 9 राज्यों के जनजातीय और लोक नृत्यरूपों की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जायेंगी।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद खुरई जिला सागर (म.प्र.)

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/960 खुरई दिनांक 11.08.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | काय का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 298094-1 14.03.2023 | कस्तूरबा गांधी छात्रावास में आवश्यक मरम्मत एवं पुताई कार्य | 03 माह 831263/- | 2000/- 8400/- | 28.08.2023 |
| 2 | 2023_UAD_ 298996-1 14.03.2023 | कस्तूरबा गांधी छात्रावास परिसर में फेन्सिंग एवं सीसी कार्य | 03 माह 818268/- | 2000/- 8200/- | 28.08.2023 |
| 3 | 2023_UAD_ 298997-1 14.03.2023 | डोहेला किले के अंदर सार्वजनिक शौचाालय का निर्माण कार्य | 03 माह 1685683/- | 2000/- 12700/- | 15.09.2023 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद खुरई**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद खुरई**


# 'हमारे समय की पुकार है अशोक शाह की कविताएं'



**भोपाल, देशबन्धु।** कविता जीवन मूल्यों का प्रतीक है। किसी भी अँधेरे समय में जब तमाम रास्ते बंद हो जाते हैं तब कविता मानवीय पुकार में बदल जाती है। इस संकट के समय में तर्क संगत विचार और प्रगतिशील मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्व का निर्वहन कर रही अशोक शाह की कविताएं हमारे समय की पुकार हैं । अशोक शाह के सृजन के संबंध में तथा कविता के पक्ष में ये उदगार वरिष्ठ कवि-साहित्यकार राजेश जोशी ने विगत 13 अगस्त की शाम दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में राग भोपाली द्वारा आयोजित सुपरिचित कवि-लेखक अशोक शाह की दो पुस्तकों कहानी संग्रह अजोर ,बाल कविता संग्रह जैसे कान हवा के हिलते तथा अशोक शाह के अवदान पर केंद्रित राग भोपाली पत्रिका के लोकार्पण समारोह के दौरान प्रकट किए। इस अवसर पर शाह के कहानी संग्रह अजोर तथा बाल कविता संग्रह जैसे कान हवा के हिलते के अलावा शाह के साहित्यिक योगदान पर एकाग्र बहुप्रतिष्ठित पत्रिका राग भोपाली का लोकार्पण किया गया।

श्री जोशी ने श्री शाह के साहित्यिक अवदान के विभिन्न पक्षों को रेखांकित करते हुए कहा कि जंगल राग जैसी रचनाओं को देखें तो पाएंगे कि पेड़ों और वनस्पतियों में मेडीकल-वेल्यूस कितनी है। उनकी कविताओं के कितने आयाम है और वहाँ कितने रास्ते खुलते हैं। ऐसे में हम एक ऐसे कवि के सामने हैं जिसके पास कहने को बहुतकुछ है और विस्तृत जीवनानुभव है जिन्हें वह व्यक्त करना चाहता है। रचना में स्वानुभव ही नहीं परानुभव भी होते हैं। शाह का रचनात्मक संसार अर्जित ज्ञान से संचालित होता है।

अध्यक्षीय उदवोधन में वरिष्ठ कथाकार रमाकांत श्रीवास्तव ने कहा कि शाह की बहुयोग्यता उनके रचनाकर्म को बाधित नहीं बल्कि समृद्ध करती है और संवेदना को तरल बनाती है। लोकार्पित बाल कविता संग्रह की छानबीन करते हुए उन्होंने कहा कि आमतौर पर बाल कविताओं में उपदेशों की भरमार होती है। लेकिन इस संग्रह की कविताएँ इस मायने में अलग हैं। यहाँ बच्चो के मनोभावों और उनकी स्वचेतना पर विशेष ध्यान दिखाई पड़ता है। शाह की कहानियों की मीमांसा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रकृति के प्रति गहरा लगाव, आदिवासी जीवन के भिन्न पक्ष तथा मानव सभ्यता के क्षय पर यहाँ गहरी चिंता उजागर होती है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के निरर्थक फैलाव, मसलन हथियारों की बेतहाशा वृद्धि जैसे विषयों को शाह की कहानियाँ उठाती हैं और सार्थक बहस करती हैं। मूलतः ये कहानियाँ सृष्टि के भौतिक सत्य को सामने लाती हैं।

पूर्व प्रशासनिक अधिकारी और महत्त्वपूर्ण कवि असंगघोष ने शाह पर केंद्रित राग भोपाली की जाँच पड़ताल करते हुए कहा कि इस अंक में शाह के प्रशासनिक पहलुओं की अनेक उज्जवल छबियाँ स्पष्ट दिखाई पड़ती हैं। असंगघोष ने अंक में शामिल शाह से लिए गये साक्षात्कार में उनकी रचना-प्रकिया पर सवाल नहीं किए जाने पर आपत्ति दर्ज की। शाह के रचनाकर्म पर एकाग्र समय के अनजान पथिक पुस्तक की लेखिका प्रो. स्मृति ने कहा कि अशोक शाह अन्याय का मुखर प्रतिकार करनेवाले लेखक हैं। उनकी रचनाओं में हमें प्रकृति, प्रेम, पर्यावरण, किसान, मजदूरों से जुड़े सरोकार दिखाई पड़ते हैं। वरिष्ठ अधिकारी अजय गंगवार ने शाह के साथ बिताए अपने सेवाकाल को याद करते हुए शाह की निष्पक्ष और ईमानदार कार्यशैली का उल्लेख किया।

इस अवसर पर प्रगतिशील चेतना के सशक्त हस्ताक्षर अशोक शाह ने अपने वक्तव्य में कहा कि आज मैं ज़िन्दा लोगों के बीच में हूँ। ज़िन्दा लोगों के जीवन का महत्व यह है कि वे जहाँ कहीं भी उँगली उठाते हैं, चीज़ें बदल जाती हैं। मुर्दे कभी करवट नहीं बदलते। इस धरती को प्रेम करनेवाला ही प्रतिरोध कर सकता है। शाह ने प्रतिरोध के स्वर को मुखर करतीं-बूत, मेरी असहमति है, तुम लौट जाओ अपने स्वर्ग में, राह में मजदूर तथा एक खरगोश के लिए घर ढूँढना के अलावा बाल कविता मुझे विश्वास है का पाठ किया। कार्यक्रम के आरंभ में दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के अध्यक्ष रामाराव वामनकर ने स्वागत भाषण देते हुए इस आयोजन के महत्व को रेखांकित किया। चर्चित युवा कथाकार मौलीश्री सक्सेना ने अतिथियों को स्मृतिचिन्ह भेंट किए। अंत में दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय की सचिव और निदेशक करुणा राजुरकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेन्द्र शैली ने किया।


## कार्यालय नगर पालिक निगम सागर

क्रं./लोक कर्म/न.नि./2023/40 सागर दिनांक 16.08.2023

**ऑनलाईन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | काय का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_UAD_ 299363_1 16.08.2023 | मधुकर शाह वार्ड में मनोरमा कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में फ्लोरिंग रंगाई, पुताई क्षतिग्रस्त भाग को तोड़ने एवं आवश्यक सिविल कार्य (निगम निधि) | 04 माह 240399/- | 2000/- 2404/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 2 | 2023_UAD_ 299367_1 16.08.2023 | काकागंज वार्ड में चेम्बर एवं नाली निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 159278/- | 1000/- 3186/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 3 | 2023_UAD_ 299368_1 16.08.2023 | इंद्रानगर वार्ड में श्री विजय त्रिपाठी से मां हरसिद्धी मेडीकल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य (पार्षद निधि) | 03 माह 450858/- | 2000/- 4509/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 4 | 2023_UAD_ 299372_1 16.08.2023 | सुबेदार वार्ड में जैन मंदिर गली में नाली निर्माण कार्य (निगम निधि)(द्वितीय आमंत्रण) | 03 माह 355105/- | 2000/- 3552/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |
| 5 | 2023_UAD_ 299375_1 16.08.2023 | स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत एफ.एस.टी.पी. सी. कार्य- रंगाई, पुताई, पेंटिंग, शेड निर्माण, वृक्षारोपण एवं ग्रीननेट द्वारा बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य(निगम निधि) | 03 माह 438800/- | 2000/- 4388/- | 07.09.2023 शाम 05.30 तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन www.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**कृते -आयुक्त, नगर पालिक निगम, सागर**

देशबन्धु

भोपाल, गुरूवार 17 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## लाल किले का कद घटाते नरेन्द्र मोदी

15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश को जिस लहज़े में सम्बोधित किया वह उनकी प्रवृत्ति व तेवर के बहुत विपरीत तो नहीं था लेकिन ज्यादातर लोग मानकर चल रहे थे कि अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम स्वतंत्रता दिवस समारोह के बतौर मुख्य अतिथि और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रमुख होने के नाते वे अमृत काल के समापन अवसर पर दिये जाने वाले उद्बोधन के जरिये राष्ट्र को गरिमामय तरीके से कोई अभिनव दिशा देंगे। आशा की गई थी कि बदहाली से विचलित व व्यथित देश की अवाम और हाल की अनेक घटनाओं से पीड़ित लोगों के ज़ख्मों पर मरहम लगाकर मोदी बतलाएंगे कि पूरा देश एक स्पंदित समाज है जिसके पास परस्पर सुख-दुख में एक-दूसरे को सम्भालने की ताकत है और जो उदार और संवेदनशील भी है।

मोदी ने एक बार फिर से सभी को निराश किया, जैसा कि वे इसी स्थान पर खड़े होकर पिछले 9 वर्षों से करते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी संदेश दे दिया कि उनके पास कहने के लिये मौलिक कुछ भी नहीं है। इतिहास को कोसने और सारी योजनाओं का प्रतिफल कहीं दूर भविष्य में उपलब्ध करने वाला मोदी का यह भाषण उनके पिछले किसी भी अन्य उद्बोधन से कतई अलहदा नहीं था। 15 अगस्त का उल्लेख करने वाले उनके वाक्यों को हटा दिया जाये तो यह फर्क करना मुश्किल होगा कि मोदी ये बातें अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच कर रहे हैं या संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर बोल रहे हैं। प्रतिपक्ष की आलोचना करने, व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का इज़हार करने और हवाई किले बनाने की उनकी प्रवृत्ति स्थान और प्रसंग विशेष का भेद मिटा देती है। इस बार भी ऐसा ही हुआ। जश्ने-आज़ादी-2023 का उनका वक्तव्य केवल उनके अपने पद की ही प्रतिष्ठा में ऐतिहासिक गिरावट दर्ज करने के लिये याद नहीं किया जायेगा बल्कि वह राष्ट्र के सबसे पवित्र पर्व एवं सर्वोच्च मंच की गरिमा दोनों को ही धूल-धुसरित करने वाले ऐसे एकालाप के रूप में दाखिल हो गया है जिसका प्रदर्शन वे अपने दो बार के कार्यकाल में अनगिनत बार कर चुके हैं। चूंकि चुनाव जीतने और सत्ता बनाये रखने में 24×7 व्यस्त रहने वाले मोदी का सारा विमर्श परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार की घिसी-पिटी बातों तक सीमित था अत: उनके पास देशवासियों को देने के लिये कुछ था ही नहीं।

यह अवसर तमाम क्षुद्रताओं व संकार्णताओं से उठकर कुछ नया कहने और करने की प्रेरणा देने वाला होता है। पिछले सारे प्रधानमंत्रियों ने यही किया है। कई पीएम ऐसे हुए जिनका कद न जवाहरलाल नेहरू जितना था, न ही लालबहादुर शास्त्री सा; और न ही इंदिरा गांधी जैसा। हर कोई समकालीन परिस्थितियों, अपनी विशिष्ट कार्य शैली और विचारधारा के अनुरूप देशवासियों से मुख़ातिब हुआ। सभी प्रधानमंत्री प्राचीर की सीढ़ियों के नीचे दलगत सियासत और निजी विचारों को छोड़कर उद्बोधन के लिये ऊपर चढ़ते थे।

वैसे तो मोदी के पहले के सारे वक्तव्यों में भी प्रकारांतर से विरोधियों को ललकारने, कोसने, नीचा दिखाने जैसे तत्व पाये जाते रहे परन्तु मंगलवार का सम्बोधन उनके वर्तमान कार्यकाल का आखिरी था जिसे उन्होंने यूं लिया मानों वे अपने राजनैतिक विरोधियों से हिसाब अंतिम रूप से चुकता कर रहे हों। उनका सर्वाधिक अभद्र प्रदर्शन वह था जब उन्होंने साफ कर दिया कि अगले साल यहां वे ही तिरंगा फहरायेंगे। ऐसा कहना एक तरह से सम्पूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का ही अपमान है। आखिर कोई पीएम यह दावा कैसे कर सकता है कि अगले साल के मध्य में होने जा रहे आम चुनावों में जनता उनकी पार्टी को ही बहुमत से जिताएगी। दूसरे, भारत में प्रधानमंत्री के प्रत्यक्ष चुनाव की व्यवस्था तो है नहीं, जैसी कि अमेरिका में है जहां राष्ट्रपति प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होता है। यहां सबसे बड़े विजेता दल के द्वारा संसदीय दल में अपना नेता चुना जाता है जो सामान्य तौर पर उस पार्टी के द्वारा भी स्वीकृत होता है। जहां तक भारतीय जनता पार्टी की बात है तो उसके बारे में लोकप्रिय मान्यता यह है (जो काफी हद तक सही है) कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिसे तय करता है उसे ही भाजपा कार्यकारिणी अनुमोदित करती है। मोदी के मामले में भी यही हुआ था। अगर मोदी अगले साल भी झंडा फहराने की बात करते हैं तो क्या यह समझा जाये कि उन्हें भाजपा व संघ की अनुमति या स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है? क्या वे इन दो संगठनों से बड़े हो गये हैं? अगर ऐसा है तो यह भाजपा-संघ दोनों के लिये चिंताजनक है।

गौतम अदानी के साथ उनके संबंधों को लेकर हुए खुलासों के साथ ही उनके नेतृत्व में भारत में फैली परस्पर नफ़रत, सामाजिक ध्रुवीकरण के कुत्सित प्रयासों से ऊपजी हिंसा (हालिया मणिपुर, मेवात, जयपुर-मुंबई ट्रेन में मुस्लिमों पर गोलीचालन आदि की घटनाएं), मानवाधिकार के हनन जैसे मुद्दों के कारण उनका चेहरा काफी दागदार हो गया है। इसके अलावा सतत मजबूत होते विपक्षी गठबन्धन ने मोदी की जमीन को खिसका दिया है। देश के भीतर व बाहर उनकी जबर्दस्त किरकिरी हुई है। अपनी इसी दरकती ज़मीन को बचाने के लिये मोदी ने लाल किले का इस्तेमाल एक ओर तो अपने विरोधियों को बदनाम करने के लिये किया तो वहीं अपनी दावेदारी भी पेश की है। मोदी का यह भाषण जनमत को नीचा दिखाना तो है ही, समग्र लोकतांत्रिक प्रणाली का अपमान भी है। मोदी ने इस ऐतिहासिक अवसर एवं स्थान का जैसा इस्तेमाल किया है वह न केवल भौंडा है, बल्कि अनैतिक व अलोकतांत्रिक भी है। मोदी ने अपने पद की गरिमा ही नहीं गिराई, विभिन्न ऐतिहासिक कारणों से भारतीय गर्व के प्रतीक लाल किले का कद भी घटाया है।

# अमृतकाल में आत्ममुग्ध प्रधानमंत्री

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

दक्षिणपंथी सोच के लोग आजादी की लड़ाई के वक्त से गांधी-नेहरू से खौफ खाते थे। अंग्रेजों के खिलाफ जब देश के लाखों लोग गांधी, नेहरू, पटेल, बोस, आजाद और भगत सिंह के नक्शे कदमों पर चलकर हंसते-हंसते कुर्बानी देने तैयार हो जाते थे, तब हिंदू महासभा जैसे संगठनों के अनुयायी अपने को बचाने, अंग्रेजों के वफादार बनने और इन स्वाधीनता सेनानियों के प्रयासों को विफल करने में जुटे रहते थे। हालांकि इनकी कोशिशें कामयाब नहीं हुईं। देश स्वाधीनता सेनानियों और लाखों-करोड़ों हिंदुस्तानियों की त्याग और तपस्या के बूते आजाद हो गया। दक्षिणपंथी लोगों की निगाह में देश की आजादी से अधिक जरूरी हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को खाद-पानी देना था। गांधीजी इस कोशिश में उन्हें बाधक की तरह दिखे तो बेझिझक गांधी की हत्या कर दी गई। लेकिन नेहरू उनके लिए बड़ी चुनौती बने रहे। आजादी के बाद जिस तरह पं. नेहरू ने देश को संभाला, आगे बढ़ाया, दुनिया के मानचित्र में भारत को प्रतिष्ठा दिलाई, दसियों देशों की आजादी के लिए प्रेरणास्त्रोत बने, उससे नेहरू को लेकर संघ का डर और बढ़ता गया। संघ ने पांच-छह दशकों का लंबा इंतजार किया कि उसे किसी तरह नेहरू से बदला लेने का मौका मिले। नेहरू के बारे में बेबुनियाद, झूठी खबरें अफवाही तंत्र ने बहुत फैलाई और अब इस नापाक साजिश में और तेजी आ चुकी है। अब देश से नेहरू के नाम को मिटाने वाले फैसले लिए जा रहे हैं। नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया है। ये फैसला जून में ही लिया जा चुका था, लेकिन इसे 15 अगस्त के मौके पर ही अमल में क्यों लाया गया, ये गंभीरता से सोचने वाली बात है। कांग्रेस ने इस फैसले पर पलटवार किया है। लेकिन कांग्रेस को अब बातों से बढ़कर एक्शन में दिखने की जरूरत है। क्योंकि नेहरू के साथ अब आजादी के आंदोलन को खारिज करने की कोशिश भी शुरु हो गई है।

इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली। साफ तौर पर समझ आता है कि देश में नए किस्म का इतिहास लिखने की तैयारी हो रही है। 1947 के पहले के इतिहास में भारत के लिए दक्षिणपंथियों का कोई योगदान दर्ज नहीं है, तो इसे छिपाने के लिए इतिहास ही बदला जा रहा है। कुछ दिनों से प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह क्विट इंडिया के नारे को परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण से जोड़ रहे हैं, वो भी ऐसी ही कोशिश है। इस कोशिश को श्री मोदी लालकिले से भी दोहराते नजर आए। 77वें स्वतंत्रता दिवस पर लगातार दसवीं बार प्रधानमंत्री मोदी ने लालकिले की प्राचीर से तिरंगा फहराया। इस तरह डॉ.मनमोहन सिंह की बराबरी उन्होंने कर ली। लेकिन इस महत्वपूर्ण मौके की गरिमा बनाए रखने की जगह श्री मोदी ने चुनावी रैली की तरह लालकिले से भाषण दिया। उन्होंने ये तक कह दिया कि अगले साल भी वो ही आएंगे। उनके पहले जितने भी प्रधानमंत्री हुए, सभी में कोई न कोई कमी रही होगी, लेकिन आत्ममुग्धता से कोई भी प्रधानमंत्री ऐसा ग्रसित नहीं रहा, जैसा मोदीजी दिखाई दिए।

> इलेक्ट्रानिक मीडिया के (कु) ख्यात एंकर ने पंद्रह अगस्त के मौके पर ये बताने की कोशिश की कि भारत छोड़ो आंदोलन का कोई योगदान आजादी में नहीं था। इस एंकर के मुताबिक 1947 में भारत ही नहीं बहुत से देशों को अंग्रेजों ने आजाद कर दिया, जबकि हमें इतिहास में पढ़ाया गया है कि भारत छोड़ो आंदोलन के कारण आजादी मिली।

प्रधानमंत्री के भाषण में देश से अधिक सत्ता की चिंता नजर आई। लालकिले पर खड़े होकर भी उन्होंने विपक्ष को कोसने का मौका नहीं छोड़ा। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में देशवासियों को 'परिवारजन' कहकर संबोधित किया। जबकि इससे पहले अपने भाषणों में विपक्ष को परिवारवाद के नाम पर ही घेरने की कोशिश श्री मोदी करते रहे हैं और लालकिले से भी उन्होंने ऐसा ही किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' और कांग्रेस पर भी बिना नाम लिए तंज़ कसते हुए कहा, ''देश के लोकतंत्र में एक बीमारी आई है- परिवारवादी पार्टी. इनका एक ही मंत्र है- परिवार को, परिवार के लिए, परिवार के द्वारा।'' वहीं श्री मोदी ने देश की तीन बुराइयां बतलाईं भ्रष्टाचार, परिवारवाद, और तुष्टिकरण। जब से इंडिया का गठन हुआ है श्री मोदी इन्हीं तीन विषयों को हर मंच से उठाते रहे हैं। लालकिले से उन्होंने घमंडिया और परिवारवाद क्विट इंडिया जैसी बातें नहीं की, लेकिन जो कुछ कहा उसका मतलब इसी के इर्द-गिर्द ही घूम रहा था।

प्रधानमंत्री मोदी के भाषण की खास बात ये रही कि उन्होंने शुरुआत में ही मणिपुर की बात की, जबकि पिछले साढ़े तीन महीनों से मोदी मणिपुर पर बोलने से वे बचते ही रहे हैं। संसद में भी उन्होंने मणिपुर पर केवल 2 मिनट दिए, लेकिन लालकिले से मोदी ने कहा कि ''पिछले समय से मणिपुर में हिंसा का जो दौर चला. कई लोगों को हिंसा को शिकार होना पड़ा. मां- बेटियों के साथ अत्याचार हुआ लेकिन कुछ दिनों से शांति की ख़बरें आ रही है।'' उन्होंने कहा कि 'देश मणिपुर के साथ है। केंद्र सरकार, राज्य के साथ मिलकर समाधान के प्रयास कर रही है और करती रहेगी'। वहीं मणिपुर की घटना को देश की एकता के साथ जोड़ते हुए श्री मोदी ने कहा घटना मणिपुर में होती है तो दर्द महाराष्ट्र में होता है। ये बात शायद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के जवाब के लिए थी। लेकिन केवल दो लाइनों की बात चार हजार किमी की पदयात्रा का मुकाबला नहीं कर सकती।

खैर भाषण की शुरुआत प्रधानमंत्री ने मणिपुर से की तो आखिरी में अगले साल फिर से लाल क़िले से भाषण देने की बात कही। जनता से अगले साल भी आने के लिए आशीर्वाद की अपील करना अलग बात है, ये काम चुनावी मंच से होना चाहिए। मगर नरेन्द्र मोदी ने जनता के सामने ऐलान कर दिया कि वे अगले साल भी आएंगे, इसका मतलब ये है कि उन्होंने भारत की लोकतांत्रिक निर्वाचन प्रणाली को ठेंगा दिखला दिया। जनता को ये तय करने का अधिकार नहीं दिया कि अगले साल वह किसे प्रधानमंत्री चुनना चाहती है, बस अपना फैसला सुना दिया। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर इतनी अलोकतांत्रिक बात जनता किस तरह स्वीकार करेगी, इस पर मंथन बेहद जरूरी है। सवाल ये भी है कि क्या श्री मोदी राहुल गांधी के बढ़ते कद की वजह से डर रहे हैं। पहले इंडिया और अब भारत माता के नाम की चुनौती उनके सामने पेश हो रही है।

राहुल गांधी ने स्वतंत्रता दिवस पर ट्वीट किया कि 'भारत माता हर भारतीय की आवाज है! वहीं भारत जोड़ो यात्रा और भारत माता की आवाज के बारे में एक खुली चिट्ठी में राहुल गांधी ने लिखा- 'पिछले साल मैंने एक सौ पैंतालीस दिन उस ज़मीन पर घूमते हुए बिताए जिसे मैं अपना घर कहता हूं। मैंने समुद्र के किनारे से शुरुआत की और गर्मी, धूल और बारिश से गुज़रा। जंगलों, कस्बों और पहाड़ियों से होते हुए, जब तक कि मैं मेरे प्यारे कश्मीर नहीं पहुंच गया।'

मेरी भारत माता, जमीन का टुकड़ा-भर नहीं, कुछ धारणाओं का गुच्छा-भर भी नहीं है, न ही किसी एक धर्म, संस्कृति या इतिहास-विशेष का आख्यान, न ही कोई खास जाति-भर। बल्कि हरेक भारतीय की आवाज है भारत माता, चाहे वह कमजोर हो या मजबूत। उन आवाजों में गहरे पैठी जो खुशी है, जो भय और जो दर्द है, वही है भारत माता।

भारत माता की यह आवाज सब जगह है। भारत माता की इस आवाज को सुनने के लिए आपकी अपनी आवाज को, आपकी इच्छाओं को, आपकी आकांक्षाओं को चुप होना पड़ेगा। भारत माता हर समय बोल रही हैं। भारत माता किसी अपने के कान में कुछ न कुछ बुदबुदाती है, मगर तभी-जब उस अपने का आत्म पूरी तरह से शांत हो, जैसे एक ध्यानमग्न मनुष्य का मौन।

सब कुछ कितना सरल था। भारत माता की आत्मा का वह मोती जिसे मैं अपने भीतर की नदी में खोज रहा था, सिर्फ भारत माता की सभी संतानों के हहराते हुए अनंत समुद्र में ही पाया जा सकता है।

भारत माता को देवी स्वरूप में प्रतिष्ठित कर उनकी जय-जयकार करने वालों को राहुल गांधी की ये बातें शायद ही समझ आएं। मगर देश को भारत माता के बारे में श्री गांधी के इन विचारों पर गौर करना चाहिए। वर्ना इतिहास का अधकचरा ज्ञान देश की आजादी को लील जाएगा।

# मोदी के खिलाफ इंडिया गठबंधन को सीधी लड़ाई लड़नी होगी

■ कल्याणी शंकर

क्या मणिपुर संकट का असर नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया के पक्ष में हो सकता है? क्या कांग्रेस नेता राहुल गांधी इसका उपयोग उसी तरह कर सकेंगे जैसा कि एक अन्य विपक्षी नेता ममता बनर्जी ने 2011 के विधानसभा चुनावों में जीत के लिए पश्चिम बंगाल के सिंगूर और नंदीग्राम मामले में किया था? ये महत्वपूर्ण क्षण दुर्लभ और अविस्मरणीय हैं।

राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा।

मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया। अब राहुल के लिए अपने लिए, अपनी पार्टी और विपक्ष के लिए बदलाव लाने का एक अनूठा मौका है।

> राहुल गांधी को उन बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है जो आने वाले महीनों में कांग्रेस और भारत की राजनीतिक स्थिति को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकती हैं। वह इन चुनौतियों से कैसे निपटते हैं, यह उनके भविष्य और समग्र रूप से भारतीय राजनीति के भविष्य को तय करने में महत्वपूर्ण होगा। मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करने का ताजा प्रयास पिछले हफ्ते एनडीए के बहुमत के कारण विफल हो गया।

2004 और 2014 के बीच, राहुल गांधी को डॉ. मनमोहन सिंह के मंत्रिमंडल में मंत्री बनने का अवसर मिला, लेकिन उन्होंने यह पद नहीं लिया। 2019 के चुनाव में कांग्रेस प्रमुख के तौर पर वह कांग्रेस को जीत नहीं दिला सके।

2014 में राष्ट्रीय परिदृश्य पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रवेश के बाद से कांग्रेस बुरी स्थिति में है, जिसके परिणामस्वरूप कांग्रेस एक दशक तक सत्ता से बाहर रही। 2024 में आगामी लोकसभा चुनाव जीतना कांग्रेस के लिए नियंत्रण हासिल करने और उसकी बढ़ती बेचैनी को शांत करने के लिए महत्वपूर्ण है।

लोकसभा सदस्य के रूप में राहुल की वापसी से उनका, उनकी पार्टी और विपक्ष का उत्साह बढ़ा है। उन्होंने खुद को मोदी के राजनीतिक प्रतिशोध के शिकार के रूप में पेश किया और जनता की सहानुभूति हासिल की। संसद से उनकी बर्खास्तगी को गरिमापूर्ण तरीके से निपटाने और अंतत: सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के कारण उनकी बहाली ने बड़ी परिपक्वता का प्रदर्शन किया।

राहुल को अपनी गलतियों का अहसास है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3500 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली उनकी सफल भारत जोड़ो यात्रा ने एकता और शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा अर्जित की। अपनी यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने निराश कांग्रेस समर्थकों को एकजुट किया। उन्होंने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में सक्षम है। इसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा और अन्य क्षेत्रीय नेताओं ने कांग्रेस समर्थकों के अलावा, आम जनता के बीच उनकी बढ़ती स्वीकार्यता पर ध्यान दिया।

राहुल को इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए परिपक्वता दिखाने और एक नया आख्यान विकसित करने की जरूरत है। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम सभी चुनाव की तैयारी कर रहे हैं। आम आदमी के नारे ने 2004 से 2014 तक पार्टी की सफलता और सत्ता बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आम आदमी से संबंधित रोजी-रोटी के मुद्दों को उठाना महत्वपूर्ण है। ये चुनाव जीतना राहुल के राजनीतिक कॅरियर में एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है।

राहुल को शरद पवार (एनसीपी), ममता बनर्जी (टीएमसी), नीतीश कुमार (जद यू), एमके स्टालिन (द्रमुक) और अखिलेश यादव (सपा) जैसे वरिष्ठ विपक्षी नेताओं का समर्थन हासिल करने की चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

राहुल की अयोग्यता के बाद, विपक्ष ने एकजुटता की दिशा में काम किया और अपने मतभेदों के बावजूद गठबंधन के साथ आगे बढ़ने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें कांग्रेस भी शामिल थी। इसने छोटे क्षेत्रीय दलों की जरूरतों को समायोजित किया तथा उनके साथ समान व्यवहार किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के यह कहने के बाद कि कांग्रेस प्रधानमंत्री पद के लिए प्रतिस्पर्धा नहीं कर रही है, राहुल अब गठबंधन सहयोगियों के लिए अधिक स्वीकार्य हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के कांग्रेस मुक्त भारत के लक्ष्य के बावजूद कांग्रेस पार्टी जोर पकड़ रही है। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी की अखिल-राष्ट्रीय प्रकृति के कारण गांधी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। यह भारत जोड़ो यात्रा और गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के बाद राहुल के संसद से निष्कासन और उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के कारण बहाली के बाद और भी अधिक है।

2019 में राहुल ने कांग्रेस अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, वह अभी भी पार्टी के लिए निर्णय लेते हैं। उन्हें जिम्मेदारी लेनी चाहिए और पर्दे के पीछे से काम करने के बजाय खुलकर काम करना चाहिए। मुख्य विपक्षी दल के नेता के रूप में राहुल को इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने में प्रमुख भूमिका निभानी चाहिए।

मतदाताओं तक पहुंचने के लिए, जीवनयापन की बढ़ती लागत, मुद्रास्फीति और भोजन और दूध जैसी आवश्यकताओं की सामर्थ्य जैसे जरूरी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। जहां राहुल का कांग्रेस की विचारधारा पर जोर देना महत्वपूर्ण है, वहीं लोगों की बुनियादी चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने वाली एक नई कहानी भी उतनी ही जरूरी है।

पार्टी को पुनर्गठित करना और जमीनी स्तर पर मजबूत बूथ समितियां स्थापित करना आवश्यक है। गांधी को सही व्यक्ति को सही काम सौंपना चाहिए। गठबंधन की ताकत के हिसाब से इंडिया गठबंधन से भाजपा के खिलाफ हर सीट पर मजबूत उम्मीदवार उतारना जरूरी है। इस प्रयास के लिए सहयोग और लचीलापन आवश्यक है।

राहुल गांधी ने खुद को एक आत्मविश्वासी नेता के रूप में पेश किया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए तैयार है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने घोषणा की है कि भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा भाग शीघ्र ही शुरू किया जायेगा।

**पावन प्रसंग**

## वर्तमान को साधें

समाज में अधिकांश व्यक्ति ऐसे ही होते हैं, जो वर्तमान का महत्व नहीं समझते। उपलब्ध परिस्थितियों का सदुपयोग न कर पाने और अनुपलब्ध की कामना करते रहने वाले, पाते कुछ नहीं, गंवाते ही अधिक हैं। जीने का आनंद और लाभ तब है, जब हम वर्तमान में जिएं। भविष्य की कल्पना में वर्तमान को छोड़ बैठने की भांति कितने ही व्यक्ति भूत का जीवन जीते हैं। वे ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसका अस्तित्व बहुत समय पूर्व समाप्त हो गया था।

भविष्य में क्या सफलताएं पाकर क्या-क्या आनंद उठाया जाएगा। इसके सुंदर सपने कई व्यक्ति इस प्रकार संजो लेते हैं कि वे यथार्थ जैसे लगते हैं। शेखचिल्ली की कहानी प्रख्यात है, जिसने तेल ढोने की मजदूरी मिलने के पूर्व ही उससे मुर्गी, बकरी, बीवीबच्चे प्राप्त होने का सपना इतना गहरा गढ़ लिया था, जिसमें तन्मय होकर वह सिर पर रखे घड़े को ही गंवा बैठा और मालिक द्वारा प्रताड़ना सहता फिरा। इसका कोई निश्चय नहीं कि भविष्य में क्या होगा? प्रयत्न करने पर परिस्थितियां मनचाही बन जाएं, यह कोई ठीक नहीं। चाहना ही सब कुछ नहीं है। परिस्थितियां कहीं से कहीं मोड़ ले सकती है और जैसा सोचा गया था, उससे सर्वथा पृथक प्रकार का जीवनयापन करना पड़ सकता है। सोचना एक बात है और पाना दूसरी बात। ऐसी दशा में अवास्तविकताओं के कल्पना लोक में विचरण करते रहने से किसी का क्या प्रयोजन सिद्ध हो सकता है।

महत्व वर्तमान का ही है। भूत के अनुभवों का मात्र इतना ही लाभ है कि जो सीखा गया है, उससे वर्तमान को अधिक सुव्यवस्थित बनाया जाए। भविष्य चिंतन की उपयोगिता इतनी ही है कि उसके आधार पर वर्तमान की गतिविधियों को सुनियोजित किया जाए। वर्तमान के सुनियोजन न कर पाने और कुछ विशिष्ट बनने की कल्पना करते रहने वालों के हाथ से समय निकल जाता है। अंतत: उस किशोर की भांति पश्चाताप की अग्नि में जलना पड़ता है, जो जीवनपर्यन्त भटकता रहा। एक निश्चित लक्ष्य के अभाव में कुछ नहीं बन सका और सारा जीवन व्यर्थ चला गया। ऐसी स्थिति में कितने ही युवक-युवतियों की होती है। अपनी क्षमताओं का और उपलब्ध परिस्थितियों का ठीक प्रकार से एक निश्चित लक्ष्य में नियोजन नहीं कर पाते। दुनिया के रंग-बिरंगे आकर्षणों में उनका मन भटकता रहता है। फलत: वर्तमान छूटता जाता है ैर अंतत: यह भूल उन्हें वहां ले जा पकटती है, जहां कि पश्चाताप में सिर पीटने के अतिरिक्त कुछ शेष नहीं रहता। हरव्यक्ति को वर्तमान में जीना और उसी को ठीक प्रकार संजोने तक संभालने में दत्तचित रहना चाहिए। आगे-पीछे की बात सोचने में हर्ज नहीं, पर उनकी मर्यादा उतनी ही रहनी चाहिए, जो वर्तमान से तालमेल खाती है। आज जो संभव है, उसी को अधिक अच्छा बनाने का प्रयत्न किया जाए। अपनी बुद्धिमता, तत्परता और जागरुकता को उसी पर केंद्रित किया जाए। वर्तमान को परिष्कृत और श्रेष्ठ बनाने में ही बुद्धिमता है। किसी विचारक का कथन है 'जो बूत के साथ गुंथे रहते हैं, वे वृद्ध हैं, जो मात्र भविष्य की कल्पनाएं गढ़ते रहते हैं, वे बच्चे हैं तथा जो वर्तमान का सदुपयोग करते हैं, वे युवक हैं. बाल और वृद्ध की स्थिति से निकलकर हर व्यक्ति को अपनी युवा मनोभूमि का परिचय देना चाहिए। वर्तमान के सदुपयोग का अर्थ है- अपनी परिस्थितियों, योग्यताओं और साधनों को सुनियोजित करना।'

**युग निर्माण योजना**

**आपके पत्र**

## कहां खड़े हैं आज हम ?

भारत ने वैश्विक पहचान हासिल करने के लिए ढेर सारी चुनौतियों को पार करते हुए दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक बनने के लिए छोटे कदम उठाए। भारत ने आजादी के बाद से एक लंबा सफर तय किया है, कई सही और गलत फैसलों से परहेज किया है, जो कई ऐसे स्थलों को पीछे छोड़ता है जो विभाजन की पीड़ा से एक मजबूत, शक्तिशाली और विकासशील राष्ट्र की यात्रा को परिभाषित करते हैं। हाल ही के दशकों में भारत धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय स्थान पर ऊपर चढ़ता जा रहा है और इसके कारण विश्व की एक प्रमुख महाशक्ति के रूप में इसका वैश्विक प्रभाव भी नजर आने लगा है. पिछले चार दशकों में एक जबरदस्त ताकत के रूप में उभरकर सामने आया है और भारत ने भी काफ़ी ऊंचाइयां हासिल कर ली हैं। इसके कारण विश्व की आर्थिक शक्ति का केंद्र यूरोप और उत्तरी अमेरिका से हटकर एशिया की ओर स्थानांतरित होने लगा है। उदीयमान प्रबल शक्ति के बावजूद भारत अक्सर वैचारिक ऊहापोह में घिरा रहता है। यही कारण है कि देश के उज्ज्वल भविष्य और वास्तविकता में अंतर दिखाई देता है। हालांकि भारत महाशक्ति बनने की प्रक्रिया में प्रमुख बिंदुओं पर खरा उतरता है, लेकिन व्यापक अंतरराष्ट्रीय संदर्भ में घरेलू मुद्दों के कारण वह कमजोर पड़ जाता है। हालांकि भारत के कई नेता गति को आगे बढ़ाने और सामाजिक राजनीतिक संकट से बचने में विफल रहे, यह भी राजनीतिक इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता की कमी का मामला था। भारत में विविधता के कारण, कहीं न कहीं आना मुश्किल है। हालांकि, अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) यानी एक समान नागरिक संहिता लगने के प्रयासों को रूढ़िवादी वर्गों के प्रतिरोध का सामना करना पड़ा, जिन्होंने दावा किया कि इससे सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा होगा।

पानी की तरह किलोमीटर पर भारत में भाषा बदल जाती है। इसलिए, हिंदी केवल आधिकारिक भाषा के रूप में लाना मुश्किल था और 1965 में तमिलनाडु के हिंदी-विरोधी आंदोलन जैसे हिंसा और गरमागरम बहस देखी गई। जनसंख्या नियंत्रण कानून 2019 का जनसंख्या नियंत्रण विधेयक, जिसे 2022 में वापस ले लिया गया था। दो संतान नीति को आजादी के बाद से 35 बार संसद में पेश किया गया है। इन मसौदे की आम जनता द्वारा भारी आलोचना की गई थी। कृषि अर्थशास्त्री और अन्य हितधारक दशकों से कृषि बाजार में सुधार की वकालत कर रहे हैं। इसने संकट से बचने के लिए तीन प्रमुख कृषि सुधार कानून जिन्हें निरस्त कर दिया गया को फिर से चुपके मोड में आगे बढ़ाने के बारे में सरकार को झिड़क दिया। लेबर कोड पर नियम आज तक टाले गए। कोड के परिणामस्वरूप कम टेक-होम पे और आसान छंटनी होगी। नि:संदेह सरकार को सुधार के मार्ग पर बहुत सावधानी से चलना होगा।

लोकतंत्र की सफलता में पहला है मतदान को अनिवार्य बनाना, जैसा कि कम से कम 30 लोकतंत्रों में किया गया है, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़कर 90 प्रतिशत से अधिक हो गया है। देश जितना हिन्दू-मुसलमान सोशल मीडिया पर दिखाई देता है उतना है नहीं। आज का भारत किसी के बहकावे में आने वाला नहीं है। बदलते भारत के लोगों में अपने विवेक के आधार पर निर्णय करके देश को प्राथमिकता देने जैसी बातें प्रमुखता से सामने आईं। बिना साक्षरता के कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। ऐसे में सभी शिक्षित हों तभी सारी समस्याओं से आजादी पाई जा सकती है। साक्षरता के साथ-साथ देश भर में बढ़ती बेरोजगारी युवाओं को गुलामी का अहसास देती है, आखिर वो कब इससे आजाद होगा? अमृत महोत्सव के जश्न में डूबे, कहां खड़े हैं आज हम? सोचना होगा।

**- डॉ. सत्यवान सौरभ**

## बेतवा- पार्वती अंचल

### सार-समाचार

### आप ने मनाया दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल का जन्मदिन



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जन्म दिवस के उपलक्ष में ब्रह्मचारिणी सेवा समिति वृद्ध आश्रम में भोजन वितरण का कार्यक्रम किया गया और भगवान से उनकी लंबी उम्र के लिए कामना की। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष रजत सक्सेना, डॉक्टर सोहेल, वाजिद खान, शिवराज दांगी, सब्बू गोरी, देवेंद्र केवट, राकेश कुशवाहा, भूरा जाटव, ओपी मैथली, आवास जैन, हीरालाल जैन, मोनू बघेल, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया



**सिरोंज, देशबन्धु।** केडीबीएम इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चंद्र शेखर रघुवंशी , स्कूल संचालिका श्वेता आनंद त्यागी एवं आनंद त्यागी ने ध्वजारोहण किया ड्ढ कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जल जंगल ज़मीन के उपासक प्रकृति पूजक हमारे मध्यप्रदेश के आदिवासियों समाज का प्रतिनिधित्व करते हुए भूरेलाल शहरिया, मदन सिंह खेरवार, मान सिंह खेरवार, हरि सिंह खेरवार, गोकुल खेरवार झंडारोहण कार्यक्रम में उपस्थित हुए । स्कूल संचालिका श्वेता आनंद त्यागी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से पॉलिथीन का प्रयोग न करने की अपील की और सभा को संबोधित करते हुए और कहा कि ,जल जंगल ज़मीन के उपासक प्रकृति पूजक हमारे मध्यप्रदेश के आदिवासियों को मैं प्रणाम करती हूँ। इसके उपरांत सिरोंज नगर में रैली निकाली गई जिसमें कक्षा तीसरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी भेरूंदा मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर, पार्टी के वरिष्ठ नेता लच्छीराम यादव, अमर सिंह चेयरमैन, भाजपा जिला मंत्री जितेन्द्र गौड़, अनिल जैन, बृजेश शिशिर, मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना, मंडल महामंत्री कपिल खंडेलवाल, जिला कार्य समिति सदस्य विजय सैनी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी पार्षद गोलू जाट, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश अग्रवाल, नितिन मालवीय, गुड्डू राठौर, रविशंकर राठौर लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, राजेंद्र सोनी, नगर महामंत्री हिमांशु अग्रवाल , नगर उपाध्यक्ष गोल्डी अग्रवाल, पंकज सोलंकी आदि उपस्थित थे।

सुरक्षा बलों ने हर्ष फायर एवं राष्ट्रगान की आकर्षक धुन प्रस्तुत की

# हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस, स्वास्थ्य मंत्री ने किया ध्वजारोहरण





**रायसेन, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में पूरे उमंग, उत्साह और राष्ट्रप्रेम की भावनाओं से ओत-प्रोत वातावरण में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित होमगार्ड परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा परेड की सलामी ली गई। मुख्य अतिथि डॉ चौधरी ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश की जनता के नाम प्रसारित संदेश का वाचन भी किया। समारोह में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने सलामी परेड का निरीक्षण किया। समारोह में सुरक्षा बलों द्वारा हर्ष फायर एवं राष्ट्रगान की आकर्षक धुन प्रस्तुत की गई। परेड में विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल, महिला पुलिस बल, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट तथा गाईड द्वारा आकर्षक परेड की गई। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी द्वारा रंग-बिरंगे गुब्बारे भी आकाश में छोड़े गए। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, रायसेन नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, कलेक्टर अरविंद दुबे, एसपी विकास शहवाल, डीएफओ विजय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अमृता गर्ग, डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

**स्वतंत्रता संग्राम सैनानियों और लोकतंत्र सैनानियों के परिजनों का सम्मान:** स्वतंत्रता दिवस समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा मीसा बंदियों के परिजनों को शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। ऋषिनाथ सिंह कुशवाह पिता स्व. भानुप्रताप सिंह कुशवाह को ताम्रपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सुधा सक्सेना पत्नी लोकतंत्र सैनानी स्व. हरीनारायण सक्सेना, रामवती देवी पत्नी लोकतंत्र सैनानी स्व. गोवर्धन सिंह कुशवाह तथा गिरजेश नारायण चतुर्वेदी को भी सम्मानित किया गया।

**परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए इन्हें मिला पुरस्कार:** स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंत में परेड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पुरस्कार वितरित किए गए। सीनियर परेड के लिए जिला पुलिस बल को प्रथम पुरस्कार, होमगार्ड्स को द्वितीय पुरस्कार तथा महिला पुलिस बल को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। जूनियर परेड में एनसीसी सीनियर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन को प्रथम पुरस्कार, एनसीसी सीनियर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय रायसेन को द्वितीय पुरस्कार तथा एनसीसी सीनियर सीएम राईज उत्कृष्ट विद्यालय रायसेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन को प्रथम पुरस्कार, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायसेन को द्वितीय पुरस्कार तथा सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल रायसेन को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय सेवकों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में ध्वजारोहण:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा ध्वजरोहण किया गया। इस अवसर पर डीएफओ विजय कुमार, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्री अभिषेक दुबे सहित समस्त विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहरण के पश्चात कलेक्टर दुबे ने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। कलेक्टर दुबे ने अपने निवास पर भी ध्वजारोहण किया।

## छोटा बाजार में नगर परिषद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** नगर में परंपरा अनुसार हर वर्ष की की तरह गांधी चौक छोटा बाजार में सार्वजनिक झंडा वंदन नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा सुबह 8:15 बजे किया गया। झंडा वंदन के बाद सभी नगर वासियों को नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर द्वारा स्वतंत्र दिवस की बधाई दी गई। उसके बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। वही इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरज पटेल, एसडीएम एम. एल. रघुवंशी ,एस डीओ पी दीपक कपूर ,नगर परिषद के उपाध्यक्ष प्रतिमा रितेश मकवाना, समस्त पार्षद गण एवं एनसीसी कमांडर मल्लाखान एवं एनसीसी के छात्र-छात्राएं समस्त, शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं नगर के गणमान्य नागरिक पत्रकार मुख्य रूप से शामिल रहे।

### शहर सहित ग्रामीण अंचलों में शान से लहराया तिरंगा



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर सहित ग्रामीण अंचलों में आजादी का पर्व स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया हर घर तिरंगा अभियान के तहत लोगों में उत्साह देखने को मिला घर-घर पर तिरंगा लहराया वही विभिन्न स्कूलों से रैली निकाली गई जो लाल परेड ग्राउंड पहुंची जहां सामूहिक कार्यक्रम में भाग लिया। नगर के विभिन्न संगठनो ने मुख्य मार्गो से दो पहिया ओर चार पहिया वाहनों के साथ हाथ मे तिरंगा झंडा लेकर रैली निकाली। इस वर्ष मध्य प्रदेश मे साल के आखिर में होने वाले चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक पार्टिया भी देशभक्ति के साथ अपना दंभ दिखाने में पीछे नहीं रही काग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी की तिरंगा रैली भी शक्ति प्रदर्शन के रूप में नगर में निकलती नजर आई। इस मौके पर मुस्लिम संगठन के युवाओं ने भी देशभक्ति से ओतप्रोत गानों की धुन पर एक बड़ी रैली नगर के मुख्य मार्गो से निकाली। लाल परेड ग्राउंड पर विभिन्न स्कूलों के बच्चो ने रंगारंग कार्यक्रम के माध्यम से देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का झंडा बन्धन जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी,नपा अध्यक्ष शशि यादव,विधायक लीना जैन ने किया। झंडा वंदन उपरांत अतिथियों ने परेड की सलामी ली ततपश्चात विधायक लीना जैन ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। इस उपलक्ष्य में नपा अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

## मेरी माटी-मेरा देश अभियान: अमृत वाटिका का किया लोकार्पण



**रायसेन, देशबन्धु।** मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत रायसेन में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित रानी अवंतिबाई लोधी प्रतिमा स्थल पर शिलाफलक व अमृत वाटिका का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. भानुप्रताप सिंह कुशवाह के पुत्र ऋषिनाथ सिंह कुशवाह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष सविता सेन, विधायक प्रतिनिधि जमना सेन सहित स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा लोकतंत्र सेनानियों के परिजनों, गणमान्य नागरिकों तथा छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। इसके उपरांत शिलाफलक व अमृत वाटिका का लोकार्पण किया गया। यहां स्थापित शिलाफलक में रायसेन के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम अंकित किए गए हैं। शिलाफलक के लोर्कापण के साथ ही पंच प्रण के अंतर्गत भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व, एकता को सुदृढ़ करने, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने और नागरिक होने का कर्तव्य निभाने की शपथ ली गई। इसी प्रकार वसुधा वंदन के अंतर्गत अमृत वाटिका में 75 पौधों का रोपण किया गया।

## बेसहारा कुत्तों का इलाज कराएगी स्वान फाउंडेशन, बैठक में लिया निर्णय



**गंजबासौदा, देशबनधु।** बेसहारा कुत्तों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है इनमें कई प्रकार की संक्रमण बीमारियां भी फैल रही है। इनके काटने से कई लोग घायल भी हो रहे हैं लेकिन अभी तक प्रशासन की ओर से कोई पहल नहीं की गई। इन बेसहारा कुत्तों के बचाव में अब स्वान फाउंडेशन नामक संगठन आगे आया है। शनिवार को वाचनालय में स्वान फाउंडेशन की बैठक का आयोजन दीपक तिवारी की अध्यक्षता में किया गया । बैठक में बताया गया कि शहर में बीमार अस्वस्थ दुर्घटना में घायल कुत्तों की सेवा केउद्देश्य से स्वान फाउंडेशन बनाया गया है। घायल कुत्तों के लिए शेड बनाया जाएगा। जहां पशु चिकित्सकों की मदद से इनका उपचार किया जाएगा। नपा की मदद से उनकी नसबंदी का प्रयास भी किया जाएगा। बैठक में समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले पूर्व वन अधिकारी घनश्याम सेन वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार नवीन शर्मा सिंकु ठाकुर, विवेक तिवारी, हिम्मत दांगी,विशाल व्यास, वरुण शर्मा, राघव शर्मा,नमन महाराज। टीपू सोलंकी आदि फाउंडेशन केसदस्य उपस्थित थे।आगामी बैठक 13 अगस्त रविवार को शाम 4 बजे काल सेन भैरव बाबा मंदिर गांधी चौक मैं रखी गई है ।

## खाना बनाते समय सिलेंडर में विस्फोट, बच्चे की मौत



**सिरोंज, देशबन्धु।** गत दिवस स्थानीय वार्ड नंबर 18 के सतखनी मोहल्ले में उस समय एक घर में विस्फोट हो गया जब घरवाले 5 लीटर के सिलेंडर पर खाना बना रहे थे। विस्फोट इतना भयानक था कि कमरे की दीवारें उड़ गई और गेट कब्जे सहित दूर जा गिरा। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 18 के सतखनी मोहल्ले में अतीक खान के मकान में किराए से सुनील अहिरवार तीसरी मंजिल पर अपने परिवार के साथ रहते थे। जब दोपहर में उनकी पत्नी खाना बना रही थी तो 5 लीटर का सिलेंडर में आग लग गई आग की लपटों को देखकर सुनील घबरा गया और अपनी पत्नी को दो बच्चों को लेकर नीचे आ गया। इसी बीच सिलेंडर में आग लगी रही और कुछ ही देर बाद एक विस्फोट हुआ जो इतना भयानक था कि घर की तीन तरफ की दीवारें गिर गई और उसका मालवा नीचे खेल रहे फरहान जकी व खिजर पर जा गिरा जिससे जकी 11 वर्षीय गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे भोपाल इलाज हेतु ले गए जहां पर उसकी मौत हो गई। अन्य घायलों का इलाज सिरोंज में ही चल रहा है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस उमेश तिवारी ने बताया कि फरियादी फरहान की शिकायत पर धारा 285 337 आईपीसी के तहत प्रकरण बंद किया जा कर विवेचना की जा रही है।

## जनपद पंचायत भवन में ईवीएम से मतदान के लिए जागरूक



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को जनपद पंचायत प्रांगण में एवं बीपीटी मशीन रखकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित कर यहां आने वाले लोगों को वोट डालने के तरीके बताएं एवं मतदाताओं की जागरूकता के लिए ईवीएम एवं वीवीपेट का प्रदर्शन किया गया।

मतदाताओं को ईवीएम से मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने मोकपोल करवा मतदान की जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर ने बताया कि किस तरह मतदाता मतदाता ईवीएम के जरिए वोट डाल सकते हैं। 18 साल पूरे होने के बाद जो नए मतदाता इस वर्ष मतदान करेंगे उन्हें भी मशीन की मदद से मतदान करने के तरीके बताए गए। मतदान करने व स्वयं के साथ अपने परिजनों व अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया।

मास्टर ट्रेनर ने बताया कि अगर मतदान पहचान पत्र या मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र सहित कोई भी विवरण में अशुद्ध है तो सही करवाने के लिए संबंधित बीएलओ से मिलकर विवरण में शुद्धिकरण करवा सकते है। यहां उपस्थित टीम ने और नगरपालिका के कर्मचारियों मतदाताओं के सवालों का भी समाधान किया। इस अबसर पर ईवीएम मशीन की प्रदर्शनी का अवलोकन स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने किया।

## स्वतंत्रता दिवस पर स्कूलों सहित कई जगह हुए कार्यक्रम





**सिरोंज, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में सुबह निर्धारित समयानुसार शासकीय व अशासकीय संस्थाओं और कांग्रेस- भाजपा व आप द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सर्वप्रथम साढ़े सात बजे गांधी चौक पर ब्लॉक कांग्रेस नगरध्यक्ष इरशाद गौरी द्वारा ध्वजोराण कर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ के पार्टी कार्यकताओं व नेताओं के समक्ष संदेश का वाचन किया गया। कार्यकताओं को मिठाई का वितरण किया गया। इस दौरान ग्राम गरेंठा में गरेंठा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अवध शर्मा ने ध्वजारोहण किय। पुरानी सब्जी मंडी परिसर में भाजपा कार्यकारी मंडल अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान महामंत्री सुमंत मित्तल सहित अन्य भाजपा पदाधिकारीगण मौजूद थे। विद्युत मंडल में एई सुशील समेले, कृषि विभाग में एएसडीओ वीरेन्द्र मालवीय, कृषि उपज मंडी में प्रषासक हर्षल चौधरी, शासकीय राजीव गांधी स्मृति अस्पताल में बीएमओ व प्रभारी डॉ. अमित भेदिया, वनविभाग में एसडीओ सौरभ काबरा व रेजंर देवेश गौतम, कॉपोरेटिव बैंक में प्रबंधक प्रकाश शर्मा, बीआरसी में ओमप्रकाश रघुवंशी, शारदा ज्ञानदीप स्कूल में संचालक पार्षद हरिचरण अहिरवार द्वारा ध्वजारोहण किया। बृज मैमोरियल हासे स्कूल में संस्था अध्यक्ष पंडित प्रंषात पालीवाल ने ध्वजारोहण किया। स्व. बालकृष्ण विद्यार्थी पत्रकार भवन पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष रोहिताश्व शर्मा आदि अनेक संस्थाओं में प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एलबीएस कॉलेज में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष षिवकुमार भार्गव व प्राचार्य लालचंद राजपूत ने ध्वजारोहण किया।

**ब्लॉकस्तरीय मुख्य समारोह में जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण**

सीएम राइस स्कूल प्रांगण में आयोजित ब्लॉक स्तरीय मुख्य समारोह में जनपद अध्यक्ष द्वारा ध्वजारोहण किया मगर जनपद अध्यक्ष ने सीएम के संदेष का वाचन न कर प्रतिनिधि के रूप में जनपद सदस्य कलेक्टर सिंह यादव द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मंत्री के परिवारजनों को सम्मानित किया गया।

### जिले में हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

# राज्यपाल ने राजभवन पचमढ़ी में तो कलेक्टर ने मुख्यालय पर किया ध्वजारोहण





**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले में 77 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर राजभवन पचमढ़ी में गरिमामय समारोह में ध्वजारोहण किया। खुले आकाश में गुब्बारे उड़ा कर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन सचिवालय के कर्मचारियों और उनके बच्चों से भेंट की और मिष्ठान वितरण किया। वहीं जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली तथा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। संदेश वाचन के पश्चात आनंद और उल्लास के प्रतीक रंगीन गुब्बारे हवा में मुक्त विचरण के लिए छोड़े। तत्पश्चात परेड दलो द्वारा आकर्षक मार्चपास्ट का प्रदर्शन किया गया।

परेड दल का नेतृत्व परेड कमांडर सुबेदार सुरेश जामरा ने किया। मुख्य समारोह में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं नर्मदापुरम संभाग के पुलिस महानिरीक्षक इरशाद वली, उप पुलिस महानिरीक्षक जगत सिंह राजपूत, कर्नल हरप्रीत सिंह, कर्नल कनोजिया सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, फील्ड डायरेक्टर एसटीआर एल कृष्णमूर्ति, वनमंडलाधिकारी अनिल कुमार पांडे, सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत सहित गणमान्य नागरिक अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। स्कूली बच्चों ने आकर्षक पीटी का प्रदर्शन किया। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम, शांति निकेतन मोंटसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम, सेमरिटनस सीनियर सेकेंडरी स्कूल एवं एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा के बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर केंद्रित एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सेमेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा हर घर तिरंगा अभियान पर केंद्रित प्रस्तुति को प्रथम, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा एवं शासकीय कन्या उमाविद्यालय को संयुक्त रूप से द्वितीय तथा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम और शांति निकेतन मोंटेंसरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम को संयुक रूप से तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वही परेड प्रदर्शन में जिला पुलिस बल को प्रथम, विशेष सशस्त्र बल 17 वी वाहिनी ई कंपनी को द्वितीय तथा एनसीसी सीनियर डिविजन आर्मी विंग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। जिन्हें मुख्य अतिथियों द्वारा मेडल और शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

## राज्यपाल ने एक करोड़ 12 लाख से अधिक के निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर राजभवन पचमढ़ी के कर्मचारियों एवं बच्चों को एक करोड़ 12 लाख रूपये से अधिक के नवनिर्माण की सौग़ात दी। राज्यपाल श्री पटेल ने राजभवन पचमढ़ी के कर्मचारियों के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवनिर्मित 4 एच-टाइप आवास और 50 बिस्तरों के ट्रांजिट हॉस्टल के लिए भोजनकक्ष तथा रसोईघर का लोकार्पण किया। राजभवन कण्ट्रोलर शिल्पी दिवाकर ने बताया की राजभवन पचमढ़ी के कर्मचारियों के लिये बनाये गये 4 नए एच- टाइप आवास की कुल लागत 94 लाख 51 हज़ार रुपये है। प्रत्येक आवास का क्षेत्रफल 55 वर्ग मीटर है और आवास में 2 कमरे बाल्कनी, मल्टीपरपज हॉल, किचन तथा इंडियन एवं वेस्टर्न शैली के एक-एक टॉयलेट निर्मित किए गए हैं। उन्होंने बताया भोजन कक्ष एवम् रसोईघर की कुल लागत 18 लाख से अधिक है, जो 350 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने हैं। नए भोजन कक्ष के निर्माण से 50 बच्चों को एक साथ भोजन की सुविधा हो उपलब्ध गई है।

## कमिश्नर कार्यालय में संयुक्त आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त आयुक्त नर्मदापुरम संभाग जीसी दोहर ने कमिश्नर कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके उपरांत राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर संयुक्त संचालक कृषि, सहकारिता, श्रम, पेंशन, महिला एवं बाल विकास, जनसंपर्क सहित कमिश्नर कार्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहें।

# हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



- विधायक के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा वाहन रैली

**सोहागपुर, देशबन्धु।** नगर में 15 अगस्त स्वतंत्र दिवस एक त्यौहार की तरह मनाया गया घर-घर तिरंगे लगाए गए स्वतंत्र दिवस से 1 दिन पूर्व सभी शासकीय शासकीय भवनों को रोशनी से सजाया गया 15 अगस्त सुबह एसडीएम कार्यालय में विजेंद्र रावत तहसील कार्यालय में तहसीलदार ने थाना सुहागपुर में मेघा उदैनिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संदीप क्रिकिट्ट सीडीएमओ जनपद में जनपद अध्यक्ष नगर परिषद में श्रीमती लता पटेल नगर परिषद अध्यक्ष महिला बाल विकास में जे तिग्गा बीआरसी कार्यालय में राकेश रघुवंशी सिंचाई विभाग में शैलेंद्र पिपरे पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में एनके निखरा सेंट पैट्रिक स्कूल में प्राचार्य दीपक मींज कृषि विभाग में राम अवतार सिंह राजपूत लोक स्वास्थ्य यंत्र की विभाग में डि आर सुनहरे एसडीओ बागड़ा बफर जोन में विजय बारस्कर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व कमती में अंकित जामोद एसडीओ ने साथ ही नए बस स्टैंड पर सोहागपुर ब्लॉक का सामूहिक झंडा वंदन जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने किया यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ स्कूली बच्चों ने मनमोहक शानदार प्रस्तुतियां की इस दौरान समस्त स्कूलों के बच्चे शिक्षक और अधिकारी गण मौजूद रहे।

### विधायक के नेतृत्व में निकली तिरंगा रैली

नगर में सोहागपुर विधानसभा के विधायक ठाकुर विजय पाल सिंह के नेतृत्व में सुहागपुर विकासखंड के शहरी एवं ग्रामीण नागरिकों युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा एक विशाल तिरंगा रैली निकाली गई तिरंगा रैली प्राचीन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई नवीन बस स्टैंड पर समाप्त हुई यहां पर एक सभा का आयोजन हुआ यहां देशभक्ति ओतप्रोत कार्यक्रम हुए विधायक विजयपाल ने सभी का आभार व्यक्त किया

# स्वतंत्रता दिवस पर श्रेष्ठ कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक ने एसडीओपी को किया सम्मानित



**सोहागपुर, देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोहागपुर एसडीओपी चौधरी मदन मोहन समर को श्रेष्ठ कार्य के लिए नर्मदापुरम में पुलिस अधीक्षक गुरु करण सिंह नर्मदापुरम विधायक सीताशरण शर्मा सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने सम्मानित किया। विभाग के मापदंड पर कुछ अच्छा करने की स्वीकृति देते हुए सम्मानित किया गया। चौधरी समर ने पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री गुरकरन सिंह का आभार व्यक्त करते हुए। उनके अधीनस्थ आने वाले सुहागपुर माखननगर थाना और एसडीओपी कार्यालय के स्टाफ की सराहना करते हुए उन्होंने आगे कहा मेरा सौभाग्य है कि सोहागपुर में मेरे साथ कार्य करने वाले साथी सदा सक्रिय रहकर मेरे साथ रहे। उनके इस उपलब्धि पर सभी कर्मचारी नगर वीडियो और पत्रकारों ने शुभकामनाएं दी है

# स्वतंत्रता के पर्व पर शहीदों को नमन, विकसित, सुदृढ़ राष्ट्र का संकल्प



**इटारसी, देशबन्धु।** वर्धमान विद्यालय में 77 वॉ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया। ध्वजारोहण विद्यालय के शिक्षक मुकेश मालवीय एवं गुरप्रीत ने कराया। मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन प्रशांत जैन, पवन जैन, डायरेक्टर श्रीमती रचना जैन, प्राचार्य सुश्री वर्षा मिश्रा, आईटीआई प्रिंसिपल नीलेश एवं हॉस्टल मैनेजर जयप्रकाश सोनी उपस्थित रहे। शुभारंभ श्रीमती योगिता स्वर्णकार ने किया।

मुख्य अतिथियों ने स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र पर माल्यार्पण किया। छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। झांसी की रानी के व्यक्तित्व पर डांस ड्रामा प्रस्तुत किया, विहान चौधरी ने स्वरचित कविता सुनाई, वंदे मातरम डांस की प्रस्तुति के पश्चात, मिडिल विभाग के कक्षा 5 से 8 तक के छात्र - छात्राओं के मध्य डांस कांपटीशन में निर्णायक श्रीमती वर्षा उपरीत एवं विशाल सक्सेना रहे। चेयरमेन प्रशांत जैन ने विद्यार्थियों को 77 वे स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी एवं विद्यार्थियों को आजादी का महत्व समझाकर उसे बरकरार रखने एवं देश की रक्षा के लिए सदैव तैयार रहने की बातें कहीं। विकासशील भारत, धारा 370, स्वच्छता संबंधी बातें एवं भारत में बने सामान के इस्तेमाल के बारे में बताया।

शाला प्राचार्या सुश्री वर्षा मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आने वाले भविष्य का निर्माता एवं शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताया। उन्होंने डांस कांपटीशन का परिणाम घोषित किया जिसमें प्रथम स्थान पर कक्षा 6 वीं का ग्रुप एवं द्वितीय स्थान पर कक्षा पांचवीं का ग्रुप तृतीय स्थान पर कक्षा आठवीं विजयी रहा। संचालन कक्षा 12 वीं की छात्रा लियाशा मिश्रा एवं शिक्षिका शुभा राय ने किया।

# जीनियस प्लानेट स्कूल में शान से लहराया तिरंगा



**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर झंडा वंदन समाज सेविका श्रीमती नीलू गोठी, श्रीमती प्रियंका मोलासरिया, श्रीमती अर्चना अग्रवाल, श्रीमती मीना शर्मा और श्रीमती कुमुद बाजपेई ने किया। स्कूल के बैंड ने सभी अतिथियों के सम्मान में धुन बजायी। सभी ने बैंड के साथ पूरे सम्मान से राष्ट्र गान गाया।

स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। अतिथियों का स्वागत डायरेक्ट मनीता सिद्दीकी ने किया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक देश भक्ति कविताएं, गीत, स्पीच, स्किट और डांस प्रस्तुत किये। अंतराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी विवेक सागर और सीएमओ श्रीमती रितु मेहरा, पीएसए के संस्थापक और पत्रकार कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव भारद्वाज, सुनील सचान, मो यूनुस सिद्दीकी विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। सभी का स्वागत डायरेक्टरद्व जाफर और मनीता सिद्दीकी, प्राचार्य विशाल शुक्ला ने किया।

स्कूल के संचालक एवं अतिथियों ने विवेक सागर का शॉल श्रीफल एवं सम्मान पत्र देकर सम्मान किया। सभी के लिए स्वागत भाषण हेड बॉय यम दुबे और आभार हेड गर्ल फौजिया खान ने दिया। समापन वन्दे मातरम राष्ट्रीय गीत से किया।

# जयस्तंभ पर मुख्य समारोह में नपाध्यक्ष चौरे ने फहराया तिरंगा

इटारसी, देशबन्धु। नगरपालिका परिषद इटारसी द्वारा स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन राष्ट्रीय स्मारक जयस्तंभ चौक पर सुबह 8.30 बजे आयोजित किया गया। यहां नगरपालिका अध्यक्ष शहर के प्रथम नागरिक पंकज चौरे ने ध्वाजारोहण किया।

इस अवसर पर साथ में एसडीएम नीता कोरी, तहसीलदार सुनीता साहनी, नगरपालिका सीएमओ रितु मेहरा, नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत, भाजपा पिछडा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जयकिशोर चौधरी, भाजपा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो, सभापति मंजीत कलोसिया, पार्षद कीर्ति दुबे, राहुल प्रधान, सीमा भदोरिया, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार बाबरिया, भाजपा मंडल महामंत्री राहुल चौरे, उपाध्यक्ष शैलेंद्र दुबे, नगरपालिका एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री आदित्य पांडे, कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी, स्वच्छता निरीक्षक आरके तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### स्वच्छता के लिए ऑन लाइन फीडबैक दें

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। साथ ही कहा कि हम सभी मिलकर इटारसी को विकास की नई ऊंचाईयों पर ले जाएंगे। सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास सूत्र वाक्य से उनकी परिषद कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हम स्वच्छता में अच्छा काम कर रहे हैं, अब नागरिकों की बारी है कि वह नपा द्वारा किए जा रहे स्वच्छता कार्यों पर ऑनलाइन फीडबैक दें और रैकिंग अच्छा आए इसमें मदद करें।

### स्वच्छता में अच्छा कार्य करने पर सम्मान

इस अवसर पर नपाध्यक्ष पंकज चौरे, सीएमओ रितु मेहरा सहित अन्य अधिकारियों ने स्वच्छता रैंकिंग में वार्ड स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार कार्य करने वाले स्वच्छता निरीक्षक आरके तिवारी, सुपरवाइजर सचिन चावरे, मनोज बोहत, सचिन नारायण को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सभी को वार्ड स्तरीय प्रतियोगिता में वार्ड 13 के प्रदेश में 7 वे स्थान पर आने पर सम्मानित किया गया।

### थुंकू नका सांग की हुई प्रस्तुति-

स्वच्छता संदेश देने के लिए शहर की कुमार अतुल इंटरटेंमेंट ग्रुप द्वारा बनाया थुंकू नका सांग की प्रस्तुति यहां मंच से कलाकारों ने दी। जिसे खूब सराहा गया। यह गीत गायक अजय राज सिंह ने मंच से गाया। गीत को कुमार अतुल शुक्ला ने लिखा है और विलियम लोरेंस ने को-डायरेक्ट किया है। म्यूजिक हितेष बस्तवार और कैमरामैन महेंद्र मालवीय रहे हैं। वहीं शैलेष योना ने भी इसमें अभिनय किया है।

### स्वतंत्रता सेनानी व मीसाबंदियों के परिवारों से मिले

नगरपालिका अध्यक्ष, सीएमओ, तहसीलदार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, मीसाबंदियों के परिवारों से जाकर मिले और उनका शॉल श्रीफल से सम्मान किया और उनके परिवार द्वारा देश के लिए किए कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

### तिरंगा यात्रा को किया रवाना

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने दो स्थानों पर तिरंगा यात्रा का रवाना किया। इसमें स्कूल वाहन एसोसिएशन की तिरंगा यात्रा को चामुंडा चौराहे से और ओवर ब्रिज पर प्रज्ञान स्कूल के बच्चों की साइकिल रैली का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इसी तरह ऑटो चालक संघ द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के साथ शामिल हुए।

# नगर पालिका के भीतर लगे 'हमें चाहिए आजादी' के नारे



- चार पार्षद और कुछ पार्षद प्रतिनिधि लेकर किया प्रदर्शन
- अध्यक्ष को जानकारी और ना ही सीएमओ को कुछ बताया

**इटारसी, देशबन्धु।** आज कांग्रेस के महज चार पार्षद और कुछ पार्षद प्रतिनिधि आज दोपहर में नगर पालिका कार्यालय में एकल खिड़की के पास आजादी के नारे लगाते रहे। इस तरह के आंदोलन की सूचना न तो नगर पालिका अध्यक्ष को है और ना ही सीएमओ को।

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पार्षद अमित कापरे पार्षदों की कम संख्या के सवाल पर नेताओं की तरह से मरहम-पट्टी करते नजर आये। बोले, सबको सूचना थी, कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से नहीं आये हैं। करीब एक दर्जन लोगों ने एकल खिड़की के समक्ष 'हमें चाहिए आजादी' जैसे नारे लगाये।

कापरे ने कहा कि नगर पालिका की एकल खिड़की पर घंटों से बुजुर्ग, विकलांग, महिलाएं और छात्राएं अपना आवेदन लिए हुए खड़े रहते हैं। उन्होंने बताया कि एकल खिड़की में समग्र आईडी और राशन पर्ची से संबंधित कार्य किया जाता है। जहां 3 महिला कर्मचारियों सहित दो पुरुष कुल 5 कर्मचारी केवल आवेदन लेने से लेकर उनके निराकरण तक का कार्य करते हैं। यह विगत एक माह से प्रचलन में है। पार्षदों ने एकल खिड़की पर परेशान हो रहे हितग्राहियों को नाश्ते और पानी की बोतलें भेंट की। इसके बाद कांग्रेस पार्षद दल ने 'हमें चाहिए आजादी' एकल खिड़की से आजादी, समग्र आईडी से आजादी, केवाईसी से आजादी, ओटीपी से आजादी, राशन पर्ची से आजादी, इस मकड़जाल से आजादी, प्रताड़ित बोले आजादी, पार्षद बोले आजादी जैसे नारे नगरपालिका की एकल खिड़की के सामने परेशान हो रहे हितग्राहियों के साथ लगाए।

कापरे ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के व्यापम जैसे महा घोटाले कांड के बाद समग्र आईडी जैसी जलकुंभी का जन्म हुआ। जन्म, मृत्यू, विवाह पंजीयन सहित आज मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही लाड़ली लक्ष्मी, अनुग्रह सहायता, किसी भी प्रकार की शासकीय पेंशन या राज्य स्तरीय किसी भी योजना को पाने के लिए समग्र आईडी का होना बहुत जरूरी है।

उन्होंने कहा कि राज्य शासन के जनजातीय कार्य विभाग, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, पशुपालन एवं डेयरी, राजस्व, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्त, श्रम, सहकारिता सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग सहित शायद ही ऐसा कोई विभाग हो जिसमें समग्र आईडी की उपयोगिता ना हो। मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह जो आने वाले विधानसभा चुनाव के कारण अपनी महत्वकांक्षी योजना लाडली बहना की लॉली पॉप दिखाकर भोली भाली मासूम बहनों को बरगला कर 1000 रुपए प्रतिमाह देने का वादा करते हैं, उनसे पूछा जाए कि पिछले दो माह से प्रदेश में वृद्धावस्था और विधवा पेंशन का भुगतान क्यों नहीं किया गया।

कापरे ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि वे पार्षद होने के साथ-साथ एक दुकानदार भी है। नगर पालिका परिसर के नीचे ही दुकान संचालित करते हैं। नगर पालिका में हफ्तों से चक्कर काट रहे बुजुर्ग एवं महिलाएं परेशान होकर केवाईसी जैसे साधारण कार्यों के लिए भी दो-तीन सौ रुपए खर्च करने को तैयार है। क्या नगर पालिका गरीबों की जेब काटने के लिए बैठी हैं ? नगर पालिका का ये दायित्व और नैतिक जिम्मेदारी है कि लोगों को अपने छोटे छोटे कामों के लिए भटकना न पड़े। उनके कार्य संबंधित विभाग के माध्यम से ही आसानी से किया जा सके। नगर पालिका परिषद इटारसी विगत 1 माह से रोज शहर में पेंशनधारकों को समग्र आईडी केवाईसी करने हेतु प्रचार कर रही है।

कापरे ने मीडिया को बताया कि वर्ष 2011-12 से प्रचलन में आई समग्र आईडी मध्य प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण अंग है। किंतु पिछले 10 वर्षों में नगर पालिका परिषद इटारसी में किसी भी एक विभाग की सीएम हेल्पलाइन की इतनी शिकायत एक साथ एक माह में कभी नहीं आई जितनी वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सुशोभित एकल खिड़की प्रणाली की आई है।

विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्षद दल में सीमा भदौरिया, प्रमोद कालोसिया, मनीष चौधरी, रमा मोनी चंद्रवंशी, अभिषेक साहू, संजय ठाकुर, राहुल वर्मा, धर्मदास मिहानी, अरविंद मोनी चंद्रवंशी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता राहुल गज्जाम, अरविंद धुर्वे, धर्मेंद्र इवने, विशाल प्रजापति, पवन भदोरिया, शाहिद खान, दीपक प्रजापति, अभिषेक धुर्वे, अभिजीत खरे, अजय ढोलेकर, अक्षय ढोलेकर, संजय धोटे, शिव कुमार चौधरी, संजीव कुशवाहा, अंशु भदोरिया मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

पाथ इंडिया लिमिटेड
हरदा टेमागांव प्रोजेक्ट
PATH
Prakash Asphaltings & Toll Highways India Ltd.
HARDA TEMAGAON PROJECT

CBSE AFFILATION NO. 1030901
(Managed by Shikshan Vikas Samiti, Harda)
ESTABLISHED IN 1978

## सनफ्लावर
इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल

77 वे आप सभी को स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं

कक्षा 10 वीं के गौरव: दीपक धमनानी 88.4 %, हर्षिता विश्वकर्मा 83 %, हर्षिता बांके 81.4 %
कक्षा 12 वीं के गौरव: पायल उपाध्याय 81 %, भावेश सोनी 80.4 %, अनिमा पारासर 76.8 %

रविशंकर अग्रवाल अध्यक्ष, प्रवीण अग्रवाल कोषाध्यक्ष, सुरेशचंद्र अग्रवाल सचिव, संजय जैन उपाध्यक्ष, मंदीप सिंह सलूजा सहसचिव, श्रीमती वर्षा त्रिपाठी प्राचार्या

Contact us 07577-223824, 9039946575
Website Sunflowerschoolharda.org
Email : sunflowerschoolharda78@gmail.com

शिक्षण विकास समिति, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

सभी नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
लक्ष्मी नारायण पंवार
सौजन्य से - लक्ष्मी नारायण पंवार फैंस क्लब, हरदा

## कार्यालय नगर परिषद सिराली
जिला-हरदा (म.प्र.)
क्र.886/स्वतंत्रता दिवस/न.प./2023 सिराली, दिनांक-14/08/2023

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

-:अपील :-

1. देश के वीर जवानों को शत्-शत् नमन।
2. एक वृक्ष अवश्य लगावें।
3. न.प. के करों का समय पर भुगतान अवश्य करें।
4. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
5. जल अमृत है इसे व्यर्थ न बहाये।

अनिता कैलाशचंद्र अग्रवाल, अध्यक्ष, नगर परिषद सिराली
सचिन श्याम बूबा, उपाध्यक्ष, नगर परिषद सिराली
राहुल शर्मा, मुख्य नपा अधिकारी, नगर परिषद सिराली

नगर के चहुँमुखी विकास हेतु संकलित, नगर परिषद सिराली

देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों को न्योछावर कर देने वाले असंख्य अमर शहीदों को सादर शत्-शत् नमन

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कमलनाथ जी
अध्यक्ष - म.प्र. कांग्रेस कमेटी
पूर्व मुख्यमंत्री म.प्र. शासन

ओम पटेल
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी हरदा
7999386787, 9826210513

सौजन्य- जिला कॉंग्रेस कमेटी, हरदा (म. प्र.)

Admission OPEN
मॉं शारदा विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल
कक्षा नर्सरी से बारहवी तक (हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यम)
कृषि संकाय | विज्ञान | वाणिज्य | कला | मैथ्स संकाय
हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है
कृषि संकाय हिन्दी व अंग्रेजी दोनों माध्यम में उपलब्ध
छीपानेर रोड, विकास नगर पेट्रोल पम्प के पास, हरदा (म.प्र.)
Call 9926341821, 8962443518

## कार्यालय नगर परिषद खिरकिया
जिला-हरदा (म.प्र.)
क्र.1239/स्वतंत्रता दिवस/न.प./2023 खिरकिया, दिनांक-14/08/2023

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

-:अपील :-

1. देश के वीर जवानों को शत्-शत् नमन।
2. एक वृक्ष अवश्य लगावें।
3. न.प. के करों का समय पर भुगतान अवश्य करें।
4. नगर को स्वच्छता में नंबर 01 बनाने में सहयोग करें।
5. स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 अंतर्गत https://abmurban.ogr/feedbook पर फीडबेक करें।

राजेन्द्र श्रीवास्तव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर परिषद खिरकिया
विजेन्द्र गौर, उपाध्यक्ष, नगर परिषद खिरकिया
श्रीमति इंद्रजीत महेन्द्र सिंह खनूजा, अध्यक्ष, नगर परिषद खिरकिया

नगर के चहुँमुखी विकास हेतु संकलित, नगर परिषदक खिरकिया

आजादी के अमृत काल में अब
सरस्वती विद्या मंदिर हरदा
नई उड़ान भरने को तैयार
SVM Harda is Now CBSE AFFILIATED SCHOOL.
CBSE AFF NO.1031334'
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
✲ वन बचाओ जीवन बचाओ
✲ अपना सच्चा धर्म निभाए पेड़ बचाकर कर्तव्य निभाए
✲ पेड़ लगाएं हर जगह हरियाली लाए
✲ आओ मिलकर वन बचाएं पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं
समस्त वन सुरक्षा समिति
सामान्य वन मंडल, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
गोविंद व्यास
कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हरदा
नीलकंठ भोजनालय
नया बस स्टेण्ड हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सांईनाथ गैस एजेन्सी, हरदा
HP GAS
प्रो.दीपक सारन
पता-चंदरसराफ की बाड़ी, हरदा

समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
खनिज विभाग, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
वन विभाग, हंडिया रेंज

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
मत्स्य विभाग, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
पशु विभाग,हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
प्रो. मनन राजपूत
Bharatgas
COOK FOOD. SERVE LOVE.

समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
जिला परिवहन विभाग

समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
ग्रामीण यांत्रिकीय विभाग

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
कृषि उपज मण्डी हरदा

स्वतंत्रता दिवस
समस्त प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाऐं
एल.एन. प्रजापति
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, हरदा

समस्त जिले वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
आबकारी विभाग, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
लोक निर्माण विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
म.प्र.वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन प्रा.लि.हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
सहकारिता विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
यातायात विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
जिला व्यापार एवं उद्योग विभाग, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
जल संसाधन विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
महिला एवं बाल विकास विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
उद्यानिकी विभाग हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
कृषि विभाग, हरदा

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं
एक शुभेच्छु

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

# सार समाचार

## कृषि विज्ञान केंद्र में छात्रों ने सीखे पौधा रोपण के हुनर



**नौगांव, देशबन्धु।** नगर में स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में टीकमगढ़ जिले के कृषि महा बिद्यालय के फाइनल बीएसी के छात्रों ने डॉक्टर कमलेश अहिरवार के द्वारा पपीता, मुनगा के बीज को कैसे पॉलीथिन में रखकर पौधा उगाना है सिखाया गया उगे पौधे को कैसे संरक्षित करना है उसकी देखभाल करनी है सिखाया गया कृषि विज्ञान केंद्र में बाहर से कृषि महाबिधलयो के सेकड़ो छात्र कृषि से सम्बंधित हुनर सीखने आते है समय2 पर किसानों को प्रशिक्षण केंद्र पर दिया जाता है।

## नवीन कृषि उपज मंडी में ध्वजारोपण धूमधाम से मनाया गया



**नौगांव, देशबन्धु।** नवीन कृषि उपज मंडी में स्वतंत्रता दिवस हर्सोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ मंडी सचिव ममता वर्मा द्वारा किया गया ध्वजा रोहण इस मौके पर मंडी क्षेत्र के सभी ब्यापारी ,तुलावटी, हम्माल और गणमान्य नागरिक शामिल हुए ममता वर्मा के नेतत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गयीं इसके बाद मंडी प्रागण में बृक्षारोपण किया गया सभी उपस्थित लोगों से एक एक पौधा रोपित करवाया गया सभी ने मिलकर एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी साथ ही किसानों के हित को देखते हुए सभी लोगो से इंद्रदेव से बर्षा हेतु प्रार्थना करने को कहा गया बरसात होने से फसले सही होगी किसानों को खुशी होगी इस मौके पर प्रथम पुरूष्कार विजेता राहुल साहू द्वितीय विजेता सन्तोष साहू सहित सभी ब्यापारी उपस्थित रहे तुलावटी, हम्माल एवम मंडी स्टाफ मौजूद रहा।

## नगरपालिका सफाई कर्मियों को समय पर बेतन न मिलने पर बवाल



**नौगांव, देशबन्धु।** नगरपालिका की मुख्य अधिकारी नीतू सिंह से पत्रकारों ने पूछे सवाल अधिकारी कार्यालय से ही बाहर चली गयी तो बाहर खड़ी भीड़ ने सीएमओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू करदी जिसमे नगर के विभिन्न पार्टियों के छोटे बड़े नेता भी शामिल रहे मगर बात सही यह है कि अधिकारी को मीडिया के सामने अपना पक्ष रखना चाहिए था मुद्दा सफाई कर्मियों को समय पर वेतन भुगतान का है यह काफी समय से चल रहा है नगरपालिकाओं में बजट ना आने से यह परेशानी खड़ी हो रही है नगरपालिका टैक्स बसूली कर कर्मचारियों को वेतन दे रही है बसूली समय से ना होना ही लेट लफीति का कारण माना जा सकता है सूत्रों अनुसार सफाई कर्मियों ने तहसील पहुचकर इस संबंध ज्ञापन दिया जिस पर तत्काल जांच करवाने और वेतन सम्बंधी मामले को सुलझाने की बात अधिकारी ने कही है जांच होगी तो बात बहुत दूर तक जा सकती है क्योंकि बिसङ्गतिया बहुत है हर तरफ कोई भी पक्ष साफ नही है देखना होगा आगे क्या क्या होता है।

### गरिमामय ढंग से मनाया गया आजादी का जश्न

# आन-बान-शान से फहराया राष्ट्रीय ध्वज





**छतरपुर, देशबन्धु।** देश का 77वां स्वतंत्रता दिवस जिले में उमंग और उत्साह से मनाया गया। पूरे जिले में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ आयोजित किये गये, जगह-जगह आन-बान एवं शान से तिरंगा झंडा फहराया गया। जिला मुख्यालय का मुख्य समारोह पं. बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम में संपन्न हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर संदीप जी.आर. रहे, उन्होंने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान हुआ। मुख्य अतिथि श्री जी.आर. ने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के साथ वीआईपी वाहन में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया। कलेक्टर संदीप की पहल पर जिले के युवाओं को पायलट प्रशिक्षण प्रति आकर्षण के उद्देश्य से पायलट प्रशिक्षण केन्द्र के विमान द्वारा तिरंगे को सलामी दी गई, जो कि छतरपुर के लिए ऐतिहासिक पल था।

मुख्य समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, परेड और मलखंभ आकर्षण का केन्द्र रहे। परेड की टुकडियों ने राष्ट्रगान की धुन पर तीन बार हर्ष फायर किया। मुख्य अतिथि द्वारा देश की प्रगति के प्रतीक रंग-बिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े गये। समारोह में आकर्षक परेड देखने को मिली जिसमें विशेष सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल पुरूष-महिला, होमगार्ड, एनसीसी बालक-बालिका, स्काउट गाइड और शौर्य दल की टुकडियों ने भाग लिया। परेड का नेतृत्व सूबेदार नृपेन्द्र सिंह, टूआईसी सुश्री प्रभा सिलावट थी। समारोह में मुख्य अतिथि श्री जी.आर. ने लोकतंत्र सेनानी लखन लाल चौरसिया, रामस्वरूप गुप्ता और राममूर्ति चौरसिया का शॉल श्रीफल और पुष्प माला से सम्मान किया। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जो मेरी माटी मेरा देश, हर घर तिरंगा, जैविक खेती की ओर आकर्षित करती और देशभक्ति से ओतप्रोत थे। समारोह के अतिथि कलेक्टर संदीप जी.आर. द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती विद्या अग्निहोत्री, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, नगरपालिका अध्यक्ष छतरपुर श्रीमती ज्योति चौरसिया, एडीजे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनिल कुमार पाठक, मलखान सिंह, डीआईजी ललित शाक्यवार, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, कर्नल व्ही.के. सिंह चौहान, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर सिंह रमन, पत्रकार बंधु, छात्र-छात्राएं, गणमान्य नागरिक अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या नागरिकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद त्रिपाठी और राकेश खरे द्वारा किया गया।

**अधिकारियों ने स्वतंत्रता संग्राम एवं लोकतंत्र सेनानियों का किया सम्मान :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कलेक्टर संदीप जी.आर. के निर्देशन में एडीएम नमः शिवाय अरजरिया एवं एएसपी विक्रम सिंह ने छतरपुर शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजाराम सिंह, रामकृपाल चौरसिया एवं लोकतंत्र सेनानी मधुसुदन पित्रये का शॉल श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया। साथ ही उनके बेहतर स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। इस दौरान एसडीएम बलवीर सिंह रमन, तहसीलदार सुश्री रंजना यादव उपस्थित रहीं।

**कलेक्टर ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन :** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर कलेक्टर संदीप जी.आर. ने ग्राम मौराहा के शासकीय स्कूल में बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन किया। तत्पश्चात् मेरी माटी मेरा देश अभियान अंतर्गत पर्यावरण को हरा भरा बनाने और बेहतर स्वास्थ्य में फायदेमंद एवं पोषणयुक्त मुनगा का पौधरोपण किया। साथ अभियान में जुडक़र सभी से पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, एसडीएम बलवीर सिंह रमन, तहसीलदार सुश्री रंजना यादव, जिला शिक्षाधिकारी एम.के. कौटार्य सहित गणमान्य नागरिक और आमजन उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह ने फहराया तिरंगा



### 77 वे स्वतंत्रता दिवस पर संस्थाओ में हुये ध्वजारोहण



**घुवारा, देशबन्धु।** नगर के समस्त शासकीय व गैर शासकीय संस्थाओ में आजादी के 77 वे स्वतंत्रता दिवस को नगरवासियो द्वारा बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मानाया गया है नगर की समस्त संस्थाओ मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम हुये जिसमे शासकीय संस्थाओ मे नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया ध्वजारोहण का कार्यक्रम सर्वप्रथम नगर के कन्या हाईसैंकडी स्कूल से प्रांभ हुआ जिसमे नगर नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह ने मां सरस्वती व महा पुरूषो के चित्र पर फूल माला चढाकर तिरंगा फहराते हुये तिरंगे को सलामी दी तो वही विधालयो की बच्चियो के द्वारा राष्टगान गाया तिरंगा रोहण के उपरांत विधालया के प्राचार्य वीएल प्रजापति व समस्त स्टाप द्वारा अतिथियो का तिलक माला से स्वागत किया।कन्या विधालय के उपरांत नगरपरिषद कार्यालय मे ध्वजारोहण का कार्यक्रम किया गया जहा अध्यक्ष द्वारा तिरंगा फहराया गया तिरंगा फहराने के उपरांत कार्यक्रम मे पधारे जनसमुदाय का परिषद द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया वही मंच के माध्यम से सीएमओ रत्नेश दुवे ने सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजनाओ को बताते हुये जनता को अवगत कराया उसके उपरांत नगर के हाईसैंकडी विधालय मे ध्वजारोहण किया गया जहां मुख्य अतिथि के रूप मे पधारी तहसीलदार ऋतु सिंघई व नगरपरिषद अध्यक्ष गुड्डी जाहर सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया तो वही विधालय के बच्चो द्वारा देश भक्ति गीतो पर मनमोहक प्रस्तुतियां दी।

## फसल को नुकशान पहुंचा रहे जंगली जानवर

**बकसवाहा, देशबन्धु।** बक्सवाहा ब्लॉक में इन दिनों फसलों पर वन्य जीवों का आतंक किसानों के लिए भारी पड़ रहा है जिसके चलते कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय दुबे, यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह परिहार के नेतृत्व में क्षेत्रीय किसान प्रदर्शन करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार भरत पांडे को ज्ञापन सौंपा।



ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने बताया कि हमारे परिवारों का भरण पोषण खेती से होने वाली आय से चलता है। वहीं हमारी फसल लगभग तैयार होने को है लेकिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जंगली जानवरों का प्रकोप हमारी फसलों पर भारी पड़ रहा है थोडे समय के लिए भी अगर ध्यान न दे पाओ तो ये जंगली जानवर कुछ समय में ही कई एकड़ खेती चौपट करके चले जाते हैं।

वहीं जंगली जानवरों से फसल के बचाव के लिए कटीले तार एवं अन्य उपाय हम कर रहे हैं लेकिन उसमें जंगली जानवरों के फंस जाने पर जानवरों को होने वाली हानि से हम किसानों को फर्जी प्रकरण दर्ज होने का डर बना रहता है। किसानों ने कहा कि फर्जी प्रकरणों पर रोक लगाई जाए और जिन किसानों पर फर्जी प्रकरण बनाए गए हैं उसकी जांच कर खात्मा लगाया जाए साथ ही जंगली जानवरों से फसल की सुरक्षा करने में वन विभाग किसानों का सहयोग करे। ज्ञापन देने के दौरान भवानी सिंह ठाकुर, रामपाल सिंह, महपाल सिंह, गणेश सिंह, मोहनलाल सौर, कंछेदी सौर, बल्लू गोड़, हनुमत सिंह लोधी, मनोज अहिरवार, विजय सिंह लोधी सहित सैकड़ों की संख्या में किसान मौजूद रहे।

### इनका कहना है

मुडिया़ गांव के किसानों द्वारा वन विभाग से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन प्राप्त हुआ है जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा जाएगा साथ ही उचित कार्यवाही की जाएगी।

**भरत पांडे,** तहसीलदार

## जिला पंचायत के बाहर भूख हड़ताल पर बैठी मां-बेटी



**छतरपुर, देशबन्धु।** खजुराहो निवासी एक वृद्ध महिला अपनी बेटी के साथ बुधवार को जिला पंचायत कार्यालय के बाहर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गई। दरअसल वृद्ध महिला का आरोप है कि उसके पति के स्वामित्व की भूमि पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है, जिसे हटवाने के लिए वह पिछले कई वर्षों से परेशान है। तमाम अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी उसे न्याय नहीं मिला है, इसलिए अब वह भूख हड़ताल पर बैठी है और जब तक उसे जमीन नहीं मिलेगी तब तक वह हड़ताल जारी रखेगी।

भूख हड़ताल पर बैठी 80 वर्षीय सुआबाई रैकवार की पुत्री मीरा रैकवार ने बताया कि छतरपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम अतरार में उसके पिता स्वर्गीय बसंता ढीमर के स्वामित्व की भूमि है जिस पर अतरार निवासी रामेश्वर प्रसाद तिवारी, रामशंकर तिवारी और संतोष तिवारी ने पिछले 5 वर्षों से कब्जा कर रखा है। जब भी वह अपनी जमीन पर जाने का प्रयास करती है तब उक्त लोगों द्वारा उसे तथा उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी जाती है।

मीरा रैकवार के मुताबिक वह तथा उसकी मां पूर्व में सभी अधिकारियों को अपनी समस्या बताकर न्याय की गुहार लगा चुकी है लेकिन किसी ने भी उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया, इसलिए अब वह अपनी मां के साथ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठी है। जब तक उसे न्याय नहीं मिलेगा तब उसकी हड़ताल जारी रहेगी।

## आरक्षक ने साथी के लिए किया रक्तदान

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे रक्तांजली अभियान के तहत एक आरक्षक ने अपने साथी कर्मचारी के लिए बुधवार को रक्तदान किया। बताया गया है कि पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक जिला अस्पताल में भर्ती हैं और उन्हें एबी प्लस रक्त समूह के रक्त की आवश्यकता थी। जब यह जानकारी पुलिस लाइन के आरक्षक राम सिंह परिहार को मिली तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के निर्देशन में जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान करते हुए अपने साथ की मदद की। इस मौके पर राम सिंह परिहार ने अन्य युवाओं को भी रक्तदान के प्रति जागरुक किया।



## हनुमान टौरिया में महाभंडारा

**छतरपुर, देशबन्धु।** हिंदू जोड़ो यात्रा के तत्वधान में संगठन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किए जाने वाले महाभंडारा कार्यक्रम का चौदहवां आयोजन स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हनुमान टौरिया मंदिर परिसर में किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अद्धनारीश्वर महादेव मंदिर और टौरिया मंदिर को तिरंगे की थीम से सजाया गया था। महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं और कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

इसके साथ ही सर्किट हाउस तिराहा के पास बैठने वाले जरुरतमंदों और जिला अस्पताल में जरुरतमंदों को भोजन कराया गया। इस पुनीत कार्य में सैकड़ों रामभक्तों ने सहयोग किया।

## सावन की अंतिम अमावस्या पर मतंगेश्वर मंदिर में दिखा भक्तों का सैलाब



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुधवार को अमावस्या के अवसर पर पर्यटन नगरी के मतंगेश्वर मंदिर में श्रृद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। हजारों श्रद्धालुओं ने शिवसागर तालाब में स्नान के बाद भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। चूंकि यह अमावस्या सावन माह की अंतिम अमावस्या थी, जिसके चलते भक्तों की संख्या अधिक थी। सुबह 4 बजे से ही भक्तों के आने का क्रम शुरू हो गया था, जो देर शाम तक देखने को मिला। मतंगेश्वर मंदिर परिसर में हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान था। बुंदेलखंड अंचल सहित अन्य स्थानों से भी शिवभक्त खजुराहो पहुंचे और बेल पत्र चढ़ा कर खुशहाली की कामना की।

## युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

**छतरपुर, देशबन्धु।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सड़वा के रहने वाले एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन विगत दिनों कर लिया था जिसकी उपचार के दौरान जिला अस्पताल में बुधवार को मौत हो गई। परिजन गोलू अहिरवार ने बताया कि उसके छोटे भाई 23 वर्षीय नीरज अहिरवार ने विगत दिनों अज्ञात जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था जिसके बाद इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। उससे कई बार पूछा कि आखिर उसने जहरीला पदार्थ क्यों खाया लेकिन उसने कुछ नहीं बताया। कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद बुधवार को उसकी मौत हो गई। जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### लाखों रुपए नगद एवं ज्वेलरी लेकर चोर हुए फरार

# ड्रीम वैली कॉलोनी को चोरों ने बनाया निशाना, एक साथ 4 घरों में चोरी



नौगांव, देशबन्धु। नौगांव पुलिस थाना परिसर से महज कुछ मीटर की दूरी पर स्थित शहर की सबसे सुरक्षित एवं पॉश कॉलोनी का दावा करने वाली ड्रीम वैली कॉलोनी में चोरों ने एक साथ चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रूपए की नगदी एवं ज्वेलरी चोरी कर फरार हो गए।

शहर की सबसे सुरक्षित एवं पॉश कॉलोनी का दावा करने वाली ड्रीम कॉलोनी में मंगलवार बुधवार की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने चार घरों के ताले चटका कर लाखों रुपए नगद एवं ज्वेलरी चोरी कर रफूचक्कर हो गए है। चोरी पीड़ित मकान मालिकों ने घर में चोरी की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक झांसी रोड पर पुलिस थाना से महज चंद मीटर की दूरी पर स्थित ड्रीम वैली कॉलोनी में मकान नंबर 63 में रहने वाले मोहम्मद आसिफ, स्टेट बैंक में कार्यरत कर्मचारी रवि राय के मकान नंबर 107, मकान नम्बर 96 में रहने वाली शिक्षा विभाग में पदस्थ जयश्री चतुर्वेदी एवं कॉलोनी में ही जिम का संचालन करने वाले लवकेश शिवहरे की जिम में अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर दिए। पीड़ित मोहम्मद आसिफ ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने पिता का इलाज कराने दिल्ली गए हुए थे, तभी अज्ञात चोरों ने मौका पाकर घर में घुसकर लगभग डेढ़ लाख नगद एवं सोने चांदी के जेवरात सहित 3 लाख रुपए से अधिक का सामना लेकर फरार हो गए। तो वहीं ड्रीम वैली कॉलोनी में रहने रवि राय के घर से भी लगभग डेढ़ से दो लाख की नगदी एवं सोने चांदी की ज्वेलरी पर हाथ साफ कर दिए। अज्ञात चोरों ने इसके अलावा शिक्षा विभाग में कार्यरत जय श्री चतुर्वेदी के यहां भी चोरों ने हाथ साफ कर दिए लेकिन श्रीमती चतुर्वेदी के भोपाल में होने के कारण चोरी होने का अनुमान नहीं पता चल पाया है। इसके अलावा चोरों ने कॉलोनी में जिम चलाने वाले लवकेश शिवहरे की जिम के भी चोरों ने ताले चटका दिए।

## अज्ञात चोरों ने फिर बनाया निशाना, नगदी सहित लाखों के जेवरात किए चोरी

**छतरपुर, देशबन्धु।** शहर में एक बार फिर चोरों का आतंक बढ़ रहा है, पिछले कुछ दिनों से लगातार चोरी की वारदातें सामने आ रही हैं। चोरी का ताजा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चेतगिरी कॉलोनी के लखेरा तिराहे से सामने आया है। बताया गया है कि यहां रहने वाला जैन परिवार किसी काम से बाहर गया हुआ था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने उसके घर से लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली। जब परिवार घर वापिस लौटा तब चोरी की जानकारी सामने आई। पीड़ित परिवार ने पुलिस को आवेदन दिया, जसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।



पीड़ित सचिन जैन ने बताया कि वह 12 अगस्त को अपने परिवार के साथ आगरा गया था। घर में ताला लगाकर घर की चाबी वह अपने पड़ोसी को दे गए थे। सचिन के मुताबिक बुधवार को जब वह वापिस अपने घर आए तो उन्हें घर के दरवाजे पर दूसरा तला लगा हुआ मिला। इस ताले को जब उन्होंने अपनी चाबी से खोलने का प्रयास किया तो ताला खुल गया। अंदर जाकर पड़ताल की तो पता चला कि उनके घर में चोरी हुई। सचिन के अज्ञात चोर उसके घर में रखी 45 हजार की नगदी के अलावा तीन-चार सोने की अंगूठियां, एक सोने का मंगलसूत्र और करीब आधा किलो चांदी के जेवरात चुरा ले गए हैं। चोरी गई संपत्ति की कुल कीमत करीब साढ़े तीन लाख रुपए है। सचिन ने कोतवाली थाने में चोरी की शिकायत की जिसके बाद पुलिस ने एफएसएल एवं डॉग स्क्वॉड के साथ मौका मुआयना कर मामले की विवेचना शुरू की है।

# खेल जगत

## मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा : पथिराना



**कोलंबो,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। श्रीलंका के युवा तेज़ गेंदबाज़ मथीशा पथिराना ने एक गेंदबाज के रूप में उनके विकास में भूमिका के लिये चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की प्रशंसा की है। पथिराना ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई के लिये पदार्पण किया और अपने पहले ही सीज़न में वह टीम के डेथ ओवर विशेषज्ञ गेंदबाज रहे। पथिराना ने चेन्नई में अपने अनुभव पर कहा, एक युवा खिलाड़ी के रूप में अगर कोई आपको इस तरह का आत्मविश्वास देता है तो यह आपके करियर को आगे बढ़ाता है। जब उस स्तर के खिलाड़ी ने मुझ पर विश्वास दिखाया तो मुझे विश्वास हुआ कि मैं उस पल में कुछ भी कर सकता हूं। पथिराना ने धोनी के साथ आईपीएल में बिताये गये समय पर कहा, मैंने धोनी से बहुत कुछ सीखा है। पहली चीज़ विनम्रता है और इसीलिए वह बहुत सफल हैं।

# मेजबान ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में इंग्लैंड



**सिडनी,** 16 अगस्त (एजेंसियां) इंग्लैंड ने फीफा महिला विश्व कप 2023 के सेमीफाइनल में बुधवार को मेज़बान ऑस्ट्रेलिया को 3-1 से हराकर पहली बार फाइनल का टिकट कटा लिया। स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया पर इंग्लैंड का पहला गोल एला टून ने 36वें मिनट में किया। सैम कर ने 63वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया के लिये बराबरी का गोल किया, लेकिन लौरेन हेम्प (71वां मिनट) और एलिसा रूसो (86वां मिनट) ने इंग्लैंड का दूसरा और तीसरा गोल जमाकर मेज़बान टीम का चैंपियन बनने का सपना तोड़ दिया। इंग्लैंड अब रविवार को होने वाले फाइनल में स्पेन का सामना करेगा, जबकि तीसरे स्थान के लिये ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला स्वीडन से होगा।

पहली बार विश्व कप फाइनल में पहुंचने का सपना लेकर उतरीं दोनों टीमों ने मैच की आक्रामक शुरुआत की, हालांकि कुछ देर बाद ही इंग्लैंड ने अपने खिलाड़ियों के मज़बूत समन्वय से मैच पर दबदबा बना लिया। इंग्लैंड ने कई मौकों पर गोल करने का अंदेशा दिया, हालांकि ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस ने विपक्षी टीम को खाता खोलने का मौका नहीं दिया। रूसो ने टून की सहायता से 19वें मिनट में गोलपोस्ट पर एक निशाना भी लगाया लेकिन उनका कोण सही न होने के कारण वह ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर को परेशान नहीं कर सकीं।

इंग्लैंड ने अंतत- 36वें मिनट में बढ़त बनायी जब रूसो ने पेनल्टी बॉक्स में चौकसी दिखाते हुए टून को गेंद पास की। टून ने गेंद को गोलपोस्ट के शीर्ष कोने में खेला और ऑस्ट्रेलियाई गोलकीपर की पकड़ से बचकर इंग्लैंड को शुरुआती बढ़त दिला दी।

इंग्लैंड ने पहले हाफ में गेंद पर 67 प्रतिशत कब्ज़ा रखने के अलावा ऑस्ट्रेलिया की प्रतिभाशाली फॉरवर्ड सैम कर को भी खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया था। दूसरे हाफ में हालांकि कर ने एली कार्पेंटर और हेली रासो के साथ मिलकर मौके बनाना शुरू किये। ऑस्ट्रेलिया के लगातार प्रयासों का नतीजा उसे 63वें मिनट में मिला जब कर ने 30 गज़ की दूरी से सटीक निशाना लगाकर अपनी टीम के लिये स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया।

कर के पास चार मिनट बाद एक और गोल जमाने का मौका था, हालांकि इस मौके पर वह इंग्लैंड के डिफेंस को नहीं भेद सकीं। दूसरी ओर, हेम्प ने मिली ब्राइट की लॉन्ग बॉल की सहायता से इंग्लैड का दूसरा गोल जमाकर ऑस्ट्रेलिया को फिर संकट में डाल दिया।

मेज़बान टीम ने मुकाबले में वापसी का प्रयास किया लेकिन रूसो ने निर्धारित समय समाप्त होने से सिर्फ चार मिनट पहले इंग्लैंड का तीसरा गोल जमाकर ताबूत में आखिरी कील ठोक दी। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम क्षणों में स्थानापन्न खिलाड़ी मैदान पर उतारकर स्कोर बराबर करने का हर संभव प्रयास किया लेकिन इंग्लैंड ने अपने सुसंगठित डिफेंस की बदौलत खामोश पड़े स्टेडियम ऑस्ट्रेलिया में मेज़बान टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इंग्लैंड की लूसी ब्रॉन्ज़ ने जीत के बाद कहा, यही एक चीज़ है जो मैं हमेशा से चाहती थी, विश्व कप के फ़ाइनल में होना। मुझे विश्वास नहीं हो रहा। हम सभी ने फाइनल में पहुंचने का सपना देखा है, परिवार और दोस्त फाइनल तक हमारे साथ रहे, उन सभी ने हम पर विश्वास किया और हमारा समर्थन करने के लिये यहां सभी का होना अविश्वसनीय है।

# शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाज होने चाहिए : शास्त्री

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने सुझाव दिया है कि भारत अपने लाइन-अप में विविधता लाने के लिए आगामी एशिया कप और एकदिवसीय विश्व कप के लिए अपने शीर्ष सात बल्लेबाजी स्थानों में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों को शामिल करने पर विचार करे।

शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए इशान किशन को विकेटकीपर के रूप में सुझाया, जो काफी समय से भारतीय वनडे टीम में शामिल हैं। इसके अलावा, प्रबंधन तिलक वर्मा या यशस्वी जायसवाल में से किसी एक युवा को शामिल करने पर भी विचार कर सकता है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि आपके द्वारा बताए गए शीर्ष चार के अलावा, तीन अन्य क्रम हैं जहां दो बाएं हाथ के खिलाड़ियों को आना होगा। अब यह वह जगह है जहां चयनकर्ताओं की भूमिका आती है क्योंकि वे देख रहे हैं। वे जानते हैं कि कौन सा लड़का फॉर्म में है। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा आकर्षक हैं, उन्हें अंदर लाएँ। अगर आपको लगता है कि जायसवाल आकर्षक हैं तो उन्हें लाएँ।

शास्त्री ने कहा, तो अगर आप पिछले छह से आठ महीनों से इशान किशन के साथ बने हुए हैं और वह विकेटकीपिंग करने जा रहा है, तो वह किसी भी स्थिति में आता है। लेकिन दो बाएं हाथ के खिलाड़ी लें। जड्डू सहित, शीर्ष सात में तीन बाएं हाथ के खिलाड़ी होने चाहिए। इशान किशन पिछले 15 महीने से कीपिंग कर रहे हैं, तो कहीं और क्यों जाएं? शास्त्री ने तिलक वर्मा की सराहना करते हुए कहा कि भारत आगामी मेगा आयोजनों के लिए मध्य क्रम में एक स्थान के लिए इस युवा खिलाड़ी पर विचार कर सकता है।

हालाँकि तिलक ने अभी तक एकदिवसीय क्रिकेट में भाग नहीं लिया है, लेकिन उनकी पहली टी20 श्रृंखला उल्लेखनीय थी, और उन्होंने अपने सधे हुए शॉट चयन और प्रभावशाली संयम के लिए शास्त्री और अन्य लोगों से प्रशंसा प्राप्त की। शास्त्री ने कहा, तिलक वर्मा से बहुत प्रभावित हूं। और मुझे बाएं हाथ का खिलाड़ी चाहिए। अगर मैं बाएं हाथ के खिलाड़ी की तलाश में हूं, तो मैं वास्तव में उसी दिशा में देखूंगा।



## अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह करेंगे

चौथे नंबर पर कोहली के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए, जहां स्टार बल्लेबाज ने 55.2 की प्रभावशाली औसत से 1767 रन बनाए, शास्त्री ने बताया कि उनका इरादा शीर्ष चार स्थानों पर अनुकूलनशीलता सुनिश्चित करना था। अगर विराट को चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है, तो वह टीम के हित में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। आप जानते हैं, कई बार मैंने इसके बारे में सोचा था। यहां तक कि पिछले दो विश्व कप में भी, जब मैं 2019 में कोच था, तो मैंने सोचा था कि मुझे एमएसके प्रसाद के साथ भी उस शीर्ष भारी क्रम को तोड़ने के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के बारे में चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, आप जानते हैं, क्योंकि अगर हम शीर्ष पर दो या तीन विकेट गंवा बैठे, तो हम चले गए और यह साबित हो गया। सिर्फ उस अनुभव के लिए... और अगर आप विराट कोहली के रिकॉर्ड को देखें, तो वह चौथे नंबर पर काफी अच्छे हैं। नंबर 4 की स्थिति की दुविधा भारतीय क्रिकेट में बार-बार आने वाली समस्या है, 2019 वनडे विश्व कप के दौरान भी उन्हें इसी चुनौती का सामना करना पड़ा था। भारत ने 2019 विश्व कप के अंत के बाद से वनडे में नंबर 4 स्थान पर 11 खिलाड़ियों को खिलाया है।

# क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखे पंत



नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स की ओर से सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाले वीडियो साझा किया गया है, जिसमें विकेटकीपर ऋषभ पंत बेंगलुरु में एक क्लब मैच में बल्लेबाजी करते दिखाई दे रहे हैं। पिछले साल दिसंबर में एक भयानक दुर्घटना का शिकार होने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुज़र रहे पंत दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने के लिये बेंगलुरु के पास एक मैदान में पहुंचे थे।

समारोह के दौरान पंत ने लोगों से खेलों का आनंद लेते रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, एक बार जब आप बड़े हो जाते हैं, तो आप खेल से प्यार करना बंद कर देते हैं। इसका एक कारण यह है कि आपके ऊपर बहुत दबाव होता है, आप जीवन में सफल होना चाहते हैं और कुछ न कुछ करना चाहते हैं, लेकिन जीवन का आनंद लेना कभी नहीं छोड़ना चाहिये।

गौरतलब है कि गत दिसंबर में पंत की कार दिल्ली-देहरादून राजमार्ग पर एक सड़क डिवाइडर से टकरा गयी थी। इस दौरान कार डिवाइडर से टकराने के बाद आग की लपटों में घिर गई थी, लेकिन पंत ऐन वक्त पर अपनी मर्सिडीज से बाहर निकल गए थे।

इस साल फरवरी में डॉ. दिनशॉ पारदीवाला की देखरेख में पंत की मुंबई में सर्जरी हुई। डॉ. पारदीवाला ने पंत के दाहिने घुटने के तीन लिगामेंट का इलाज किया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पंत इंग्लैंड के विरुद्ध जनवरी 2024 में शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के ज़रिये अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं।

# इमरान के समर्थन में उतरे वसीम, पीसीबी से वीडियो डिलीट करने को कहा

**नई दिल्ली,** 16 अगस्त (एजेंसियां) दिग्गज तेज़ गेंदबाज और कमेंटेटर वसीम अकरम ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की पाकिस्तानी क्रिकेट के इतिहास से जुड़ी वीडियो में इमरान खान के नहीं होने पर अचंभा ज़ाहिर करते हुए कहा है कि पीसीबी को वीडियो डिलीट कर माफी मांगनी चाहिये। उल्लेखनीय है कि पीसीबी ने 14 अगस्त को पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर एक वीडियो जारी किया था, जिसमें 1952 से लेकर 2022 टी20 विश्व कप तक पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास की झलकियां दिखाई गयी थीं। इस वीडियो में पाकिस्तान की 1992 विश्व कप की जीत की तस्वीरों को भी शामिल किया गया, हालांकि टीम के तत्कालीन कप्तान इमरान खान उनमें नज़र नहीं आये।

वसीम ने अपनी नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए बुधवार को एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, लंबी उड़ानों और घंटों की यात्रा के बाद श्रीलंका पहुंचकर मुझे अपने जीवन का सबसे



बड़ा झटका तब लगा जब मैंने पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास पर पीसीबी की छोटी क्लिप में महान इमरान खान को नहीं देखा। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और प्रधानमंत्री इमरान को तोशखाना मामले में तीन साल की सज़ा हुई है और पांच साल के लिये चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया गया है। पीसीबी की कमान इस समय ज़का अशरफ़ के हाथों में है, जिन्हें इमरान के बाद प्रधानमंत्री बने शहबाज़ शरीफ़ ने नियुक्त किया है और वह पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ़ ज़रदारी के खास भी हैं।

वसीम ने कहा, राजनीतिक मतभेद एक तरफ, लेकिन इमरान खान विश्व क्रिकेट के प्रतीक हैं और उन्होंने अपने समय में पाकिस्तानी क्रिकेट को एक मजबूत टीम के रूप में विकसित किया और हमें एक रास्ता दिया। पीसीबी को वीडियो हटा देना चाहिए और माफी मांगनी चाहिए। वसीम इमरान की अगुवाई में 1992 विश्व कप जीतने वाली पाकिस्तानी टीम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे और उन्होंने टूर्नामेंट के 10 मैचों में 18.78 की औसत से 18 विकेट चटकाये थे। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गये फाइनल में वसीम ने तीन विकेट लेने के अलावा 33 रन भी बनाये थे, जिसके लिये उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया था।

# एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर में मनदीप मोर भारत की पुरुष टीम के कप्तान

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 16 अगस्त (देशबन्धु)। ड्रैग फ्लिकर मनदीप मोर आगामी एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम तथा मिडफील्डर नवजोत कौर में भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान होंगे। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 29 अगस्त से 3 सितंबर तक तथा महिला क्वालीफायर में 25 से 28 अगस्त तक ओमान में होगा। भारत की पुरुष और महिला हॉकी टीमों की घोषणा हॉकी इंडिया ने यहां की। एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम के कोच जनार्दन सीबी ने कहा कि हमारी टीम एकदम संतुलित है। हमारी टीम में बहुत प्रतिभा है। हमारी टीम हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देने को बेताब है। हमारी टीम एशियन हॉकी 5 में बढ़िया प्रदर्शन कर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने को प्रतिबद्ध है। वहीं एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वॉलिफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम की कोच सौंदर्या येंडला ने कहा कि मुझे इस टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। हमारी खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारी खिलाड़ी विश्वास से भरी हैं। हमारी टीम में खासी अनुभवी खिलाड़ियों के साथ कई नौजवान खिलाड़ी भी हैं। मुझे पूरी उम्मीद है कि हमारी टीम इस टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में कामयाब रहेंगी।

### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय पुरुष टीम

**गोलरक्षक :** सूरज करकेरा। **रक्षापंक्ति :** मनदीप मोर (कप्तान), जुगराज सिंह, डिप्सन टिर्की, मंजीत। **मध्य पंक्ति :** मनिंदर सिंह, मोहम्मद रहील मुदीन (उपकप्तान)। **अग्रिम पंक्ति :** पवन राजभर, गुरजोत सिंह। स्टैंड बाय- प्रशांत चौहान, सुखविंदर, आदित्य सिंह, अरुण साहनी। **कोच :** जनार्दन सीबी।

### एशियन हॉकी 5 वर्ल्ड कप क्वालीफायर 2023 के लिए भारतीय महिला टीम

**गोलरक्षक :** बांसुरी सोलंकी। **रक्षापंक्ति :** अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी। सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम। **मध्य पंक्ति :** नवजोत कौर(कप्तान), अजमीना कुजूर। **अग्रिम पंक्ति :** मरियाना कुजूर, ज्योति (उपकप्तान), दीपि मोनिका टोपो। **स्टैंडबाय :** कु रमापू राम्या, निशी यादव, प्रियंका यादव, रितिन्या साहू।

# घुटने की चोट के कारण वनडे कप से बाहर हुए शॉ

**नॉर्थम्पटन,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। युवा भारतीय बल्लेबाज पृथ्वी शॉ घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड में जारी रॉयल लंदन वनडे कप के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गये हैं। नॉर्थम्पटनशर के मुख्य कोच जॉन सैडलर ने एक बयान में कहा, अपने छोटे से कार्यकाल में पृथ्वी ने इस क्लब पर बहुत गहरा प्रभाव डाला है। यह बहुत शर्म की बात है कि वह इस प्रतियोगिता के शेष भाग के लिये हमारे साथ नहीं रहेंगे। वह एक अत्यंत विनम्र युवक है, वह बहुत सम्मानित है और नॉर्थम्पटनशर का प्रतिनिधित्व करने के अवसर के लिये बहुत आभारी रहा है। उन्होंने कहा, मैदान पर उनके प्रदर्शन के साथ-साथ हमारे ड्रेसिंग रूम में भी उनका बहुत बड़ा प्रभाव था। कोई भी उनसे ज्यादा मैच जीतने की ललक नहीं रखता था और उन्होंने ऐसा करने में योगदान दिया है। हम उनके स्वस्थ होने की कामना करते हैं और उम्मीद करते हैं कि हम उन्हें जल्द ही फिर से रन बनाते हुए देखेंगे।

शॉ ने पिछले हफ्ते नॉर्थम्पटनशर के लिये खेले गये तीसरे मैच में 153 गेंदों में रिकॉर्डतोड़ 244 रन बनाकर अपनी टीम को समरसेट पर 87 रन से जीत दिलाई थी। इसके बाद उन्होंने डरहम के खिलाफ शानदार शतक जड़ा था। वेस्टइंडीज और आयरलैंड के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के अलावा चयनकर्ताओं ने एशियाई खेलों के लिये चुनी गयी टीम में भी शॉ की अनदेखी की थी।

## सार संक्षेप

### वहाब रियाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा

लाहौर। पाकिस्तान के अनुभवी वामहस्त गेंदबाज़ वहाब रियाज़ ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। वहाब ने अपने 15 साल लंबे अंतरराष्ट्रीय करियर को विराम देते हुए एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, एक अद्भुत सफर के बाद मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। पीसीबी, मेरे परिवार, कोच, मेंटर, टीम के साथियों, प्रशंसकों और मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों का बेहद धन्यवाद। वहाब ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ दो दिसंबर 2020 को खेले गये एक टी20 मैच में आखिरी बार पाकिस्तान का प्रनिधित्व किया था। उन्होंने कहा कि संन्यास लेने का निर्णय पाकिस्तानी क्रिकेट की युवा प्रतिभाओं पर उनके अटूट विश्वास का प्रमाण है और अब वह दुनियाभर की फ्रेंचाइजी लीगों पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे। वहाब ने कहा, मैं अपने संन्यास के बारे में बीते दो वर्षों से बात कर रहा हूं कि 2023 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में मेरे संन्यास का समय होगा। मैं इस समय इस बात से पूरी तरह संतुष्ट हूं कि मैंने अपनी पूरी क्षमता के अनुसार अपने देश और राष्ट्रीय टीम की सेवा की। उन्होंने कहा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और विशेषाधिकार की बात रही है। इस अध्याय को खत्म करते हुए मैं फ्रेंचाइजी क्रिकेट के नये सफर की शुरुआत करने के लिये रोमांचित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं दुनिया की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं से मुकाबला करते हुए दर्शकों का मनोरंजन और उन्हें प्रेरित कर पाऊंगा। वहाब ने पाकिस्तान के लिये 27 टेस्ट खेलकर 34.50 की औसत से 83 विकेट लिये। इसके अलावा उन्होंने पाकिस्तान के लिये 91 एकदिवसीय मैच (120 विकेट) और 36 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच (34 विकेट) भी खेले।

### अल्काराज़ ने दर्ज की साल की 50वीं जीत

मेसन। स्पेन के कार्लोस अल्काराज़ ने बुधवार को सिनसिनाटी ओपन 2023 के दूसरे चरण में ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को हराकर इस साल की अपनी 50वीं जीत दर्ज की। अल्काराज़ ने मंगलवार को शुरू हुए वर्षाबाधित मैच में अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी को 7-5, 4-6, 6-3 से हराया, हालांकि उनकी अर्द्धशतकीय जीत की खुशी उनके औसत दर्जे के प्रदर्शन के नीचे छुप गयी। शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज़ विश्व के नंबर 55 खिलाड़ी थॉम्पसन के खिलाफ लयविहीन नज़र आये। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 5-2 की बढ़त बनाने के बाद पहला सेट हार गये, लेकिन अल्काराज़ की अप्रत्याशित गलतियों की सहायता से दूसरा सेट 6-4 से जीतने में कामयाब रहे। वर्षाबाधित मैच में अल्काराज़ ने अंतत- तीसरा सेट शुरू होने से पहले अपनी लय हासिल की और सिर्फ आधे घंटे में सेट जीतकर जीत अपने नाम की।

# इंग्लैंड वनडे टीम में हुई बेन स्टोक्स की वापसी

**लंदन,** 16 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने न्यूज़ीलैंड के विरुद्ध होने वाली चार मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और भारत में अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिये चयनित टीम में बेन स्टोक्स को शामिल किया है। इंग्लैंड के मुख्य चयनकर्ता ल्यूक राइट ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा, बेन स्टोक्स की मैच-जिताऊ क्षमता और उनकी नेतृत्व की खूबियों के साथ उनकी वापसी सिर्फ हमारी मज़बूत टीम में सुधार ही करती है। मुझे यकीन है कि सभी प्रशंसक उन्हें दोबारा इंग्लैंड की एकदिवसीय शर्ट पहने देख खुश होंगे।

उन्होंने कहा, अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा। उल्लेखनीय है कि स्टोक्स ने जुलाई 2022 में कार्यभार प्रबंधन का हवाला देते हुए एकदिवसीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, हालांकि इंग्लैंड के टीम प्रबंधन ने हाल ही में उन्हें विश्व कप के लिये भारत ले जाने की मंशा ज़ाहिर की थी। द टेलिग्राफ की ओर से सोमवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा गया था कि अगर गत विश्व चैंपियन इंग्लैंड के सीमित ओवर कप्तान जॉस बटलर पूछते हैं तो स्टोक्स वनडे विश्व कप 2023 के लिये संन्यास वापस लेने के लिये तैयार हैं।



> अगर बड़े मौकों के लिये कोई खिलाड़ी है, तो वह बेन स्टोक्स है। इंग्लैंड के लिये उनकी वापसी से ज़्यादा बेहतर क्या होगा। वह बड़े मौकों को पसंद करते हैं। उनका लौटना हमारे खिलाड़ियों को संबल देगा: ल्यूक राइट, मुख्य चयनकर्ता ईसीबी

स्टोक्स की वापसी के साथ युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक इंग्लैंड की एकदिवसीय टीम से बाहर हो गये हैं। ईसीबी ने कहा कि सब कुछ सही रहने पर न्यूज़ीलैंड सीरीज के लिये चुनी गयी टीम ही विश्व कप खेलने भारत आयेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नियमों के अनुसार, क्रिकेट बोर्ड पांच सितंबर तक विश्व कप के लिये अपनी टीमों की घोषणा कर सकते हैं, जबकि 28 सितंबर तक उन टीमों में बदलाव किया जा सकता है।

एकदिवसीय विश्व कप 2023 की शुरुआत पांच अक्टूबर को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम पर इंग्लैंड और न्यूज़ीलैंड के बीच मुकाबले के साथ होगी। विश्व कप 2019 का फाइनल भी इन्हीं दो टीमों के बीच खेला गया था जहां स्टोक्स ने 84 रन की मैच-जिताऊ नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को विश्व चैंपियन बनाया था।

इस बीच, इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध चार मैचों की टी20 सीरीज के लिये भी टीम की घोषणा की। ईसीबी ने टीम में जॉश टंग, गस एट्किंसन और जॉन टर्नर को शामिल किया है, जो इस श्रृंखला में इंग्लैंड के लिये टी20 पदार्पण कर सकते हैं। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच टी20 सीरीज 30 अगस्त को, जबकि वनडे सीरीज आठ सितंबर को शुरू होगी।

**इंग्लैंड वनडे टीम :** जॉस बटलर (कप्तान), मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, सैम करन, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मलान, आदिल राशिद, जो रूट, जेसन रॉय, बेन स्टोक्स, रीस टोपली, डेविड विली, मार्क वुड, क्रिस वोक्स।

**इंग्लैंड टी20 टीम :** जॉस बटलर (कप्तान) रेहान अहमद, मोईन अली, गस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, विल जैक्स, लायम लिविंगस्टोन, डेविड मालन, आदिल राशिद, जॉश टोंग, जॉन टर्नर, ल्यूक वुड।

# कलेक्टर ने संयुक्त कार्यालय भवन में किया ध्वजारोहण



**बैतूल,देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस पर कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने संयुक्त कार्यालय भवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस दौरान अपर कलेक्टर जयप्रकाश सैयाम सहित अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

**जिला पंचायत कार्यालय में ध्वजारोहण:** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने जिला पंचायत कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर सांसद डीडी उईके, सीईओ जिला पंचायत अक्षत जैन, उपाध्यक्ष जिला पंचायत हंसराज धुर्वे सहित जिला पंचायत सदस्य एवं अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर नवनिर्मित 20 पुस्तकालय ग्राम पंचायतों को सौंपे

**बैतूल,देशबन्धु।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में खनिज मद से 69.4 लाख की लागत से तैयार 20 पुस्तकालय ग्राम पंचायतों को हेण्डओवर किए गए हैं। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिन ग्राम पंचायतों को यह पुस्तकालय सौंपे गए उनमें आठनेर विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बाकुड़ एवं देहगुड़, भैंसदेही अंतर्गत ग्राम पंचायत धामनगांव व नवापुर, भीमपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आदर्श धनोरा व भीमपुर, चिचोली अंतर्गत ग्राम पंचायत चीरापाटला व मलाजपुर, घोड़ाडोंगरी अंतर्गत ग्राम पंचायत बाकुड़ व रानीपुर, शाहपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भयावाडी व भौंरा, आमला अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरदेही व मोरखा, मुलताई अंतर्गत ग्राम पंचायत दुनावा व साईखेड़ा, प्रभातपट्टन अंतर्गत बघोडा व बिरूलबाजार तथा विकास खंड बैतूल अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ोरा एवं भडूस शामिल हैं। इन पुस्तकालयों के प्रारंभ होने से ग्रामीण बच्चों को अध्ययन में सुविधा होगी।

## सीनियर कन्या छात्रावास को मिला प्रथम पुरस्कार

**बैतूल, देशबन्धु।** बारिश के बीच जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह सम्पन्न हुआ। महाविद्यालयीन आदिवासी सीनियर कन्या छात्रावास बैतूल की छात्राओं द्वारा स्वतंत्रता दिवस उत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। अधीक्षिका श्रीमती कंचन धुर्वे ने बताया कि बारिश भी छात्राओं के अटल इरादों को हिला न सकी। बारिश के बीच छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



































